देवगणार्चितसेवितलिङ्गं भावैर्भक्तिभिरेव च लिङ्गम्।
दिनकरकोटिप्रभाकरलिङ्गं तत्प्रणमामि सदाशिवलिङ्गम्॥६॥
अष्टदलोपरि वेष्टितलिङ्गं सर्वसमुद्भवकारणलिङ्गम्।
अष्टदरिद्रविनाशितलिङ्गं तत्प्रणमामि सदाशिवलिङ्गम्॥७॥
सुरगुरुसुरवरपूजितलिङ्गं सुरवनपुष्पसदार्चितलिङ्गम्।
परात्परं परमात्मकलिङ्गं तत्प्रणमामि सदाशिवलिङ्गम्॥८॥
लिङ्गाष्टकमिदं पुण्यं यः पठेच्छिवसन्निधौ।
शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते॥९॥



बाबा अमरनाथ जी की आरती

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

शंकर आज मेरी भावना पूरी करो।

शंकर आज मेरी कामना पूरी करो।

मुझे शक्ति का दान बाबा दिया करो।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

काहे की तेरी रोटी बनी, काहे का तेरा साग

काहे की तेरी भाजी बनी, खावें भोले नाथ।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

आक की तेरी रोटी बनी, धतूरे का साग।

भांग की तेरी भाजी बनी, पावें भोले नाथ।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

कभी रहते अगन-मगन, कभी पीते भंग।

बैल की सवारी करते, गौरा पार्वती के संग।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

अमरनाथ, में भोले बैठे, उनका रूप सवाया।

संग विराजे पार्वती, गणपत गोद बिठाया।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

अंधा तुझसे नेत्र मांगे, निर्मल मांगे काया।

निपुत्र तुझसे पुत्र मांगे, निर्धन मांगे माया।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

ना मैं तुझसे पुत्र मांगू, ना मांगू मैं माया।

मैं तो तेरी भक्ति मांगू, शरण तुम्हारी आया।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

जो शिवजी की आरती गावे, उसने सब कुछ पाया।

भोले बाबा को प्रेम से गावें, मिट गई सब की माया।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

जो कोई भोले की आरती गावे, उनका रूप सवाया जी।

तुलसीदास भजो भगवान हरि चरण चितलाय।

मेरे नाथों के नाथ, मेरे जटाधारी नाथ, गौरा पार्वती के साथ।

नटराज स्तुति

सत सृष्टि ताण्डव रचयिता
नटराज राज नमो नमः .....

हे आद्य गुरु शंकर पिता
नटराज राज नमो नमः .....

गंभीर नाद मृङ्गना
धबके उरे ब्रह्माण्डना
नित होत नाद प्रचण्डना
नटराज राज नमो नमः .....

शिर ज्ञान गङ्गा चन्द्रमा
चिद्ब्रह्म ज्योति ललाट मां
विषनाग माला कण्ठ मां
नटराज राज नमो नमः .....

तवशक्ति वामाङ्गे स्थिता
हे चन्द्रिका अपराजिता
चंहु वेद गाए संहिता
नटराज राज नमो नमः .....।

शिव स्तुति

दिव्य कुण्डल हारमुज्चल मस्तकुज्चल लोलितम्
गाङ्ग कुन्तल नेत्रमुज्चल चन्द्र शीतल भाषितम्
हस्त निर्मल दण्ड त्रिशूल भाल कोमल धारितम्
हे शिवा पति पार्वती पति त्राहिमां भवसागरम्

ब्रह्म रूपिणि विष्णु मोहिनी सर्व क्षेत्राणि शोभितम्
देह धारिणी विष्णु वासिनि रुपकामिनि संचितम्
देव कामिनी नाग पद्मिनी सर्व सुरोमुनि सेवितम्
हे शिवा पति पार्वती पति त्राहिमां भवसागरम्

बह्नि कर्पूर रूप भास्कर पादे नूपुरमर्जितम्
चन्द्र भास्कर कान्ति प्रभाकर कर्म केश्वर सूचितम्
भूत खेचर सिंहशार्दूल प्रेत भूषण भूषितम्
हे शिवा पति पार्वती पति त्राहिमां भवसागरम्

पद्म लोचन नन्दी वाहन शेष भूषण भूषितम्
भस्म लेपन चर्म धारण श्रृष्टि धारण प्रर्चितम्
पञ्च आनन काम मर्दन योग साधन साधितम्
हे शिवा पति पार्वती पति त्राहिमां भवसागरम्

देव किन्नर देव गोचर भूधराधर भूषितम्
आदि गोचर पार्वतीवर मन्त्र साधनसाधितम्
मां शिव त्राहि मां शिव त्राहिं मां हर भाषितं
हे शिवा पति पार्वती पति त्राहिमां भवसागरम्

ॐ जय जगदीश हरे

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे,
भक्तजनों के संकट, क्षण में दूर करे॥ ॐ॥
जो ध्यावे फल पावे, दुःखविनसे मन का॥ प्रभु॥
सुख-सम्पत्ति घर आवे, कष्ट मिटे तन का॥ ॐ॥
मात-पिता तुम मेरे, शरण गहूँ मैं किसकी॥ प्रभु॥
तुम बिन और न दूजा, आस करूँ जिसकी॥ ॐ॥
तुम पूरण परमात्मा, तुम अन्तर्यामी॥ प्रभु॥
पारब्रह्म परमेश्वर, तुम सबके स्वामी॥ ॐ॥
तुम करुणा के सागर, तुम पालन कर्त्ता॥ प्रभु॥
मैं मूर्ख खल कामी, कृपा करो भर्त्ता॥ ॐ॥
तुम हो एक अगोचर, सबके प्राणपति॥ प्रभु॥
किस विधि मिलूँ दयामय, तुमको मैं कुमति॥ ॐ॥
दीन-बन्धु दुःख हरता, तुम रक्षक मेरे॥ प्रभु॥
अपने हाथ उठाओ, द्वार पड़ा तेरे॥ ॐ॥
विषय-विकार मिटाओ, पाप हरो देवा॥ प्रभु॥
श्रद्धा-भक्ति बढ़ाओ, सन्तन की सेवा॥ ॐ॥
तन-मन-धन सब कुछ है तेरा॥ प्रभु॥
तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा॥ ॐ॥
ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे,
भक्तजनों के संकट, क्षण में दूर करे॥ॐ॥

अथ श्री शिवमहिम्नस्तोत्रम्

महिम्नः पारं ते परमविदुषो यद्यसदृशी
स्तुतिर्ब्रह्मादीनामपि तदवसन्नास्त्वयि गिरः।
अथाध्वाच्यः सर्वः स्वमतिपरिणामावधि गृणन्
ममाप्येष स्तोत्रे हर निरपवादः परिकरः॥१॥

(गन्धर्वराज पुष्पदन्त भगवान् शंकर की स्तुति के उपक्रम में कहते हैं–) "हे पाप हरण करने वाले शंकर जी! आपकी महिमा के आर-पार के ज्ञान से रहित सामान्य (अल्प ज्ञानवान्) व्यक्ति के द्वारा की गयी आपकी स्तुति यदि आपके स्वरूप (माहात्म्य)– वर्णन के अनुरूप नहीं है तो (फिर) ब्रह्मादि देवों की वाणी भी आपकी स्तुति के अनुरूप नहीं है (क्योंकि वे भी आपके गुणों का सर्वथा वर्णन नहीं कर सकते)। किंतु जब सभी लोग अपनी-अपनी बुद्धि (की शक्ति) के अनुसार स्तुति करते हुए उपालम्भ के योग्य नहीं माने जाते हैं, तब मेरा भी स्तुति करने का (यह) प्रयास अपवाद रहित ही होना चाहिए" (यह प्रयास खण्डनीय नहीं है।)॥1॥

O, Lord Shiva, remover of all types of miseries, what wonder is there, if the prayer to you, chanted by one who is ignorant about your greatness, is worthless! Because, even the utterance (speech) of Brahmaa and other gods is not able to fathom your merits (i.e., greatness). Hence, if persons with very limited intellect (and I am one of them) try to offer you a prayer, their attempt deserve your special favour. If it is so, I should not be a exception. Hence, (thinking like this) I begin this prayer. (1)

अतीतः पन्थानं तव च महिमा वाङ्मनसयोः
अतद्व्यावृत्त्या यं चकितमभिधत्ते श्रुतिरपि।
स कस्य स्तोतव्यः कतिविधगुणः कस्य विषयः
पदे त्वर्वाचीने पतति न मनः कस्य न वचः॥२॥

"आपकी महिमा वाणी और मन की पहुँच से परे है। आपकी उस महिमा का वेद भी (आश्चर्य) चकित (भयभीत) होकर (निषेधमुखेन) नेति-नेति कहते हुए आशय रूप में वर्णन करते हैं। फिर तो उसे अचिन्त्य महिमामय आप किसकी स्तुति के विषय (वर्ण्य) हो सकते हैं? अर्थात् किसी की स्तुति तदर्थ समर्थ नहीं हो सकती; क्योंकि आपके गुण न जाने कितने प्रकार के हैं अर्थात् अनन्त हैं। फिर भी हे प्रभो! नवीन परम रमणीय आपके (सगुण) रूप के विषय में वर्णन के लिये किसका मन आसक्त नहीं होता और किसकी वाणी उसमें प्रवृत्त नहीं होती? अर्थात् सबके मन-वचन सगुण रूप में संलग्न हो जाते हैं, सभी अपनी वाणी एको प्रेरित करके वर्णन में लगा देते हैं।।2।।

O, Great God, so great is your majesty that it cannot be reached by speech and mind. Even the Vedas also, having become surprised, confirm your greatness by only saying `Neti', `Neti' (not this, not this) while describing you. Who can praise this type of greatness of yours? With how many qualities is it composed? Whose subject of description can it be ? And yet even then whose mind and speech are not attached to your this new Saguna form ? (2)

मधुस्फीता वाचः परममृतं निर्मितवचः
तव ब्रह्मन् किं वागपि सुरगुरोर्विस्मयपदम्।
मम त्वेतां वाणीं गुणकथनपुण्येन भवतः
पुनामीत्यर्थेऽस्मिन् पुरमथन बुद्धिर्व्यवसिता॥३॥

"हे भगवन्! मधुय से सिक्त सी अत्यन्त मधुर एवं परम उत्तम अमृतरूप वेदवाणी की रचना करने वाले देवाधिदेव ब्रह्मदेव की वाणी भी क्या आपके गुणों को प्रकाशित कर आपको चमत्कृत कर सकती है? (कदापि नहीं) फिर भी हे त्रिपुरारि! मेरी बुद्धि आपके गुणानुवादजनित पुण्य से अपनी इस (मलिन वासना से भरी अतएव अपवित्र)

वाणी को पवित्र करने के लिये (ही) आपके गुण-कथन के द्वारा (की जाने वाली) स्तुति के विषय में उद्यत है" (न कि अपने स्तुति-कौशल से आपका अनुरंजन करूँगा– यह मेरा अभिप्राय है)।।3।।

O, Paramaatmaa (Greatest Soul), as you are the very creator of speech of the Vedas, which is like highest type of nectar and as sweet as honey, how can even the speech of Brahaspati (Guru, or spiritual guide of gods) surprise you? (i.e., the speech of even Brahaspati is worthless before you). O, Destroyer of Three Cities of the demons, thinking that my speech may become purified by this act, my intellect (Buddhi) has become prepared to sing your greatness. (3)

तवैश्वर्यं यत्तज्जगदुदयरक्षाप्रलयकृत्
त्रयीवस्तु व्यस्तं तिस्रुषु गुणभिन्नासु तनुषु।
अभव्यानामस्मिन् वरद रमणीयामरमणीं
विहन्तुं व्याक्रोशीं विदधत इहैके जडधियः।।४।।

"हे वर देने वाले शिवजी! आप विश्व का सृजन, पालन एवं संहार करते हैं– ऐसा ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद (वेदत्रयी) निष्कर्षरूप से वर्णन करते हैं। इसी प्रकार तीनों गुणों से विभिन्न त्रिमूर्तियों (ब्रह्मा-विष्णु-महेश) में बँटा हुआ जो इस ब्रह्माण्ड में आपका यह प्रख्यात (रचनात्मक, पालनात्मक एवं संहारात्मक) ऐश्वर्य है, उसके विषय में खण्डन करने के लिये कुछ जडबुद्धि अकल्याणभागी (मन्दों) अभागों (नास्तिकों) को मनोहर लगने वाला पर वास्तव में अशोभनीय या हानिकारक व्यर्थ का मिथ्याप्रलाप (बकवाद) उठाते हैं।।4।।

O, Giver of Boons, your greatness is the cause of creation, maintenance, and destruction of the whole universe; this is supported by three Vedas (i.e., Rigveda, Yajurveda, and Saamaveda); it is distributed in the three qualities (i.e., Satva, Rajas and Tamas) and three bodies (of Brahmaa, VishhNu and Mahesha). Such is your greatness but certain stupid persons in this world are trying to destroy it by slander, which may be delightful to them but is really undelightful. (4)

किमीहः किङ्कायः स खलु किमुपायस्त्रिभुवनं
किमाधारो धाता सृजति किमुपादान इति च।
अतर्क्यैश्वर्ये त्वय्यनवसर दुःस्थो हतधियः
कुतर्कोध्यं कांश्चित् मुखरयति मोहाय जगतः।।५।।

"हे वरद भगवन्! वह विधाता त्रिभुवन का निर्माण करता है तो उसकी कैसी चेष्टा होती है? उसका स्वरूप क्या है? फिर उसके साधन क्या है? आधार अर्थात् जगत् का उपादान कारण क्या है? इस प्रकार का कुतर्क, सब तर्कों से परे अचिन्त्य ऐश्वर्य वाले आपके विषय में निराधार एवं नगण्य (उपेक्षित) होता हुआ भी संसारिक (साधारण) जनों को भ्रम में डालने के लिए कुछ मूर्खों को वाचाल बना देता है"।।5।।

If the Paramaatmaa (the Greatest Soul) creates the three worlds (i.e., thewhole Universe), what is his gesture ? What is his body ? What is his plan? What is his basis (support)? What are his means (instruments, resources) ? These are the use-less questions raised by some stupid critics, in order to mislead people, against one (i.e. , you) who always remains incompatible to senses. (5)

अजन्मानो लोकाः किमवयववन्तोघपि जगतां
अधिष्ठातारं किं भवविधिरनादृत्य भवति।
अनीशो वा कुर्याद् भुवनजनने कः परिकरो
यतो मन्दास्त्वां प्रत्यमरवर संशेरत इमे।।६।।

"हे देव! श्रेष्ठ अवयव वाले (शरीरधारी) होते हुए भी ये लोक क्या बिना जन्म के ही हैं? (नहीं, कदापि नहीं;) क्या शिव की सृष्टि-पालन-संहार आदि क्रियाएँ बिना (अधिष्ठान) कर्ता के माने सम्भव हो सकती हैं? या ईश्वर के बिना कोई सामान्य जीव ही अधिष्ठान या कर्ता हो सकता है? (नहीं; क्योंकि) यदि असमर्थ जीव ही कर्ता है तो चौदह भुवनों की सृष्टि के लिये उसके पास क्या साधन हो सकता है? (इस प्रकार आपके अस्तित्व के प्रमाण सिद्ध होने पर भी) यतः वे (जडबुद्धि) शंका करते हैं, अतः वे बड़े अभागी हैं"।।6।।

O, Best Of The Gods, are the seven Lokas (It is believed that there are seven worlds in this Universe, namely, Bhooloka, Bhuvarloka, Svargaloka, Maharloka, Janaloka, Tapaloka, and Satyaloka) unborn ? Was the birth of the Universe independent of its Lord (i.e., You) ? If it was so, then what were the means by which it was created that the stupid critics are creating doubts about you? (i.e., you are the only creater of the whole Universe). (6)

त्रयी साङ्ख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च।
रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिल नानापथजुषां
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।७।।

ऋक् यजुः, साम– ये वेद, सांख्यशास्त्र, योगशास्त्र, पाशुपतमत, वैष्णवमत आदि विभिन्न मत–मतान्तर हैं। इनमें (सभी लोग हमारा) यह मत उत्तम है, हमारा मत लाभप्रद है (दूसरों का नहीं;) इस प्रकार की रूचियों की विचित्रता से सीधे–टेढ़े नाना मार्गों से चलने वाले साधकों के लिये एकमात्र प्राप्तव्य (गन्तव्य) आप ही नहीं हैं। जैसे सीधे–टेढ़े मार्गों से बहती हुई सभी नदियाँ अन्त में समुद्र में ही पहुँचती हैं, उसी प्रकार सभी मतानुयायी आपके ही पास पहुँचते हैं।।7।।

The different practices based on the three Vedas, SaMkhya, Yoga, Pashupata-mata, VaishhNava-mata etc. are but different paths (to reach to the Greatest Truth) and people on account of their different aptitude choose from them whatever they think best and deserved to be accepted. But as the sea is the final resting place for all types of streams , You are the only reaching place for all people whichever path, straight or zigzag, they may accept. (7)

महोक्षः खट्वाङ्गं परशुरजिनं भस्म फणिनः
कपालं चेतीयत्तव वरद तन्त्रोपकरणम्।
सुरास्तां तामृद्धिं दधति तु भवद्भूप्रणिहितां
न हि स्वात्मारामं विषयमृगतृष्णा भ्रमयति।।८।।

हे वरदानी शंकर! बूढ़ा बैल, खटिये का पावा, फरसा, चर्म, भस्म, सर्प, कपाल– बस इतनी ही आपके कुटुम्ब–पालन की सामग्री है। फिर भी इन्द्रादि देवताओं ने आपके कृपा कटाक्ष से ही उन अपनी विलक्षण (अतुलनीय) समृद्धियों (भोगों) को प्राप्त किया है; किंतु आपके पास भोग की कोई वस्तु नहीं है; क्योंकि विषयवासना रूपी मृगतृष्णा स्वरूपभूत चैतन्य आत्माराम में रमण करने वाले को भ्रमित नहीं कर पाती है।।8।।

O, Giver of the Boons, the bull, the parts of a cot, chisel, the elephant-skin, Ashes, the serpent, the skull : these are the articles of your house-hold. And yet gods get all their riches merely by the movement of your eye-brows. Really, false desires for worldly things do not deceive (mislead) one who is always is absorbed in his soul (i.e., the Yogi- in fact You). (8)

ध्रुवं कश्चित् सर्वं सकलमपरस्त्वध्रुवमिदं
परो ध्रौव्याध्रौव्ये जगति गदति व्यस्तविषये।
समस्तेऽप्येतस्मिन् पुरमथन तैर्विस्मित इव
स्तुवन् जिह्रेमि त्वां न खलु ननु धृष्टा मुखरता।।९।।

हे त्रिपुरारि! कोई वादी इस सम्पूर्ण जगत् को ध्रुव (नित्य) कहता है, कोई इस सबको अध्रुव (असत् या अनित्य) बताता है और कोई तो विश्व के समस्त पदार्थों में कुछ नित्य और कुछ अनित्य है– ऐसा कहता है। उन सब वदों से आश्चर्यचकित–सा मैं उन्हीं वादों (स्तुति–प्रकारों) से आपकी स्तुति करता हुआ लज्जित नहीं हो रहा हूँ; क्योंकि मुखरता (वाचालता) धृष्ट होती ही है (उसे लज्जा कहाँ?)।।9।।

O, Destroyer of (Three) Cities, some persons call this Universe eternal (ever lasting), others call it temporary, and yet others call it both eternal and temporary. Hence, being surprised (perplexed) by these contradictory opinions on this subject, I am really becoming immodest in loquaciously praising You. (9)

तवैश्वर्यं यत्नाद् यदुपरि विरिञ्चिर्हरिरधः
परिच्छेतुं यातावनलमनलस्कन्धवपुषः।
ततो भक्तिश्रद्धा-भरगुरु-गृणद्भ्यां गिरिश यत्
स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृत्तिर्न फलति॥१०॥

हे गिरिश! (अग्नि-स्तम्भ के समान) आपका जो लिंगाकार तैजस रूप (ऐश्वर्य) प्रकट हुआ उसके ओर-छोर को जानने के लिये ऊपर की ओर ब्रह्मा तथा नीचे ओर विष्णु बड़े प्रयत्न से गये; पर (वे दोनों ही) पार पाने में असमर्थ रहे। तब उन दोनों ने श्रद्धा और भक्ति से पूर्ण बुद्धि से नतमस्तक हो आपकी स्तुति की। (तब उनकी स्तुति से प्रसन्न हो) आप उन दोनों के समक्ष स्वयं प्रकट हो गये। हे भगवन्! श्रद्धा-भक्तिपूर्वक की गयी आपकी सेवा (स्तुति) क्या फलीभूत नहीं होती? (अर्थात् अवश्य फलीभूत होती है)॥10॥

Brahma and VishhNu wanted to measure your wealth i. e. greatness. You took the form of Fire and your whole body was a column of fire extending over space. While Brahma took the form of a swan and flew high to see the top (head), VishhNu took the form of a boar and dug up downwards to see the bottom (feet). Neither could succeed. (While VishhNu confessed the truth, Brahma falsely claimed that he had found the top and persuaded the Ketaki flower to bear false witness. Shiva punished Brahma by removing one of his 5 heads and ordered that henceforth the Ketaki flower should not be used for his worship). When ultimately both praised you with full devotion and faith, you stood before them revealing your normal form. O, mountain-dweller, does not toeing your line always bear fruit? (10)

अयत्नादासाद्य त्रिभुवनमवैरव्यतिकरं
दशास्यो यद्बाहूनभृत रणकण्डू-परवशान्।
शिरःपद्मश्रेणी-रचितचरणाम्भोरुह-बलेः
स्थिरायास्त्वद्भक्तेस्त्रिपुरहर विस्फूर्जितमिदम्॥११॥

हे त्रिपुरारि! दशमुख रावण ने तीनों भुवनों का निष्कण्टक राज्य बिना प्रयत्न (अनायास) प्राप्त कर जो अपनी भुजाओं की युद्ध करने की खुजलाहट न मिटा सका (प्रतिभट से युद्ध करने की इच्छा पूर्ण न कर सका; क्योंकि कोई प्रतिभट मिला ही नहीं), यह आपके चरणकमलों में अपने दस सिर रूपी कमलों की बलि प्रदान करने में प्रवृत्त आप में अविचल भक्ति का ही प्रभाव है।।11।।

Oh, destroyer of the three cities! The effortless achievement of the ten-headed Ravana in making the three worlds enemyless (having conquered) and his arrant eagerness for further fight by stretching his arms, are but the result of his constant devotion to your lotus feet at which he ever laid the lotus garland consisting of his 10 heads! (11)

अमुष्य त्वत्सेवा-समधिगतसारं भुजवनं
बलात् कैलासेऽपि त्वदधिवसतौ विक्रमयतः।
अलभ्या पातालेऽप्यलसचलिताङ्गुष्ठशिरसि
प्रतिष्ठा त्वय्यासीद् ध्रुवमुपचितो मुह्यति खलः।।१२।।

हे त्रिपुरारि! आपकी सेवा से रावण की भुजाओं में शक्ति प्राप्त हुई थी। अभिमान में आकर वह अपना भुजबल आपके निवास-स्थान कैलास के उठाने में भी तौलने लगा, पर आपने जो पैर के अँगूठे की नोक से जरा-सा कैलास को दबा दिया तो उस रावण की प्रतिष्ठा (स्थिति) पाताल में भी दुर्लभ हो गयी। (वह नीचे ही नीचे खिसकता चला गया।) प्रायः यह निश्चित है कि नीच व्यक्ति समृद्धि को पाकर मोह में फँस जाता है (कृतघ्न हो जाता है।)।।12।।

Having obtained all his powers through worshipping you, RavaNa once dared to test the power of his arms at your own dwelling place (Kailash Mountain). When he tried to lift it up, you just moved a toe of your foot on a head of his and lo! Ravana could not find rest or peace even in the nether-world. Surely, power maddens the wicked. Finally RavaNa reestablished his faith in you. (12)

यदृद्धिं सुत्राम्णो वरद परमोच्चैरपि सतीं
अधश्चक्रे बाणः परिजनविधेयत्रिभुवनः।
न तच्चित्रं तस्मिन् वरिवसितरि त्वच्चरणयोः
न कस्याप्युन्नत्यै भवति शिरसस्त्वय्यवनतिः॥१३॥

हे वरदानी शंकर! त्रिभुवन को वशवर्ती बनाने वाले बाणासुर ने इन्द्र की अपार (परमोच्च) सम्पत्ति को भी जो अपने समक्ष नीचा कर दिया, वह आपके चरणों के शरणागत (सेवक) उस बाणासुर के विषय में यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है; क्योंकि आपके समक्ष सिर झुकाना (नतमस्तक होना) किसकी (किस-किस विषय की) उन्नति के लिये नहीं होता? अर्थात् आपके चरणों में सिर झुकाने से सबकी सब प्रकार की उन्नति होती है।।13।।

Oh boon-giver! BaaNa, the demon king made all the three worlds serve him with all their attendants and even the greatest wealth of Indra was a trifle for him. It was not a surprise at all, since he `dwelt' in your feet; who does not rise in life by bowing his head to you? (13)

अकाण्ड-ब्रह्माण्ड-क्षयचकित-देवासुरकृपा
विधेयस्याध्सीद् यस्त्रिनयन विषं संहृतवतः।
स कल्माषः कण्ठे तव न कुरुते न श्रियमहो
विकारोघपि श्लाघ्यो भुवन-भय-भङ्ग-व्यसनिनः॥१४॥

हे त्रिनेत्र शंकर! समुद्रमन्थन से उत्पन्न विष की विषम ज्वाला से असमय में ही ब्रह्माण्ड के नाश के भय से चकित देवों और दानवों पर दयार्द्र होकर विषपान करने वाले आपके कण्ठ में जो कालापन (नीला धब्बा) है, वह क्या आपकी शोभा नहीं बढ़ा रहा है। (अर्थात् महोपकार के कार्य से उत्पन्न होने के कारण और अधिक शोभा बढ़ा रहा है।) वस्तुतः संसार के भय को दूर करने के स्वभाव वाले महापुरुषों का विकार भी प्रशंसनीय होता है।।14।।

When the ocean was being churned by the gods and demons for `Amrit ' (nectar), various objects came forth: at one point, there

emerged the `Kalakuta' poison which threatened to consume everything. The gods as well as the demons were stunned at the prospect of the entire universe coming to an end, O, three-eyed lord, who is ever compassionate and engaged in removing the fear of the world, you took it (poison) on yourself by consuming it. (On Parvati's holding Shiva's throat at that point, the poison froze blue there itself and Shiva became `Neelakantha'). It is strange that this stain in your neck, though appearing to be a deformity, actually adds to your richness and personality. (14)

असिद्धार्था नैव क्वचिदपि सदेवासुरनरे
निवर्तन्ते नित्यं जगति जयिनो यस्य विशिखाः।
स पश्यन्नीश त्वामितरसुरसाधारणमभूत्
स्मरः स्मर्तव्यात्मा न हि वशिषु पथ्यः परिभवः॥१५॥

हे जगदीश! जिस कामदेव के बाण देव, असुर एवं नरसमूह रूप विश्व में नित्य विजेता रहे, कहीं भी असफल होकर नहीं लौटते थे, वही कामदेव जब आपको अन्य देवताओं के समान (जेय) समझने लगा, तब आपके देखते ही स्मृतिमात्र शेष रह गया (भस्म हो गया) और (सच है कि) जितेन्द्रियों का अपमान (उन्हें विचलित करने का उपक्रम) कल्याणकारी नहीं (अपितु घातक) होता है॥15॥

The cupid's (love-god `manmatha's) (flower) arrows never return unaccomplished whether the victims were gods or demons or men. However O, master! he has now become just a remembered soul (without body), since he looked upon you as any other ordinary god, shot his arrow and got burnt to ashes, in no time. Insulting, masters (who have controlled their senses), does one no good. (15)

मही पादाघाताद् व्रजति सहसा संशयपदं
पदं विष्णोर्भ्राम्यद् भुज-परिघ-रुग्ण-ग्रह- गणम्।
मुहुर्द्यौर्दौस्थ्यं यात्यनिभृत-जटा-ताडित-तटा
जगद्रक्षायै त्वं नटसि ननु वामैव विभुता॥१६॥

हे ईश! जब आप ताण्डव (नर्तन) करते हैं तब आपके पैरों के आघात (चोट)– से पृथ्वी अचानक संशय (संकट) को प्राप्त हो जाती है; आकाशमण्डल के ग्रह–नक्षत्र–तारे आपके घूमते हुए भुजदण्ड (की चोट) से पीड़ित हो जाते हैं (अतः आकाशमण्डल भी संकटग्रस्त हो जाता है)। स्वर्ग आपकी खुली (बिखरी) हुई जटाओं के किनारों की चोट से बारम्बार दुःखद स्थिति को प्राप्त हो जाता है। यद्यपि आप जगत् की रक्षा के लिये ही ताण्डव करते हैं; फिर भी आपकी प्रभुता (तो) वाम (क्षोभद) हो ही जाती है (सच है सम्पत्तिवाले का उचित कार्य भी विक्षोभ उत्पन्न कर देता है)।।16।।

You dance for protecting the world, but strangely, your glorious act appears to produce the opposite result in that the earth suddenly struck by your dancing feet doubts that it is coming to an end; even Vishhnu's domain is shaken in fear when your mace like arms bruise the planets; the godly region feels miserable when its banks are struck by your agitated matted locks (of hair)! (16)

वियद्व्यापी तारा-गण-गुणित-फेनोद्गम-रुचिः
प्रवाहो वारां यः पृषतलघुदृष्टः शिरसि ते।
जगद्द्वीपाकारं जलधिवलयं तेन कृतमिति
अनेनैवोन्नेयं धृतमहिम दिव्यं तव वपुः।।१७।।

हे जगदीश! समस्त आकाश में फैले तारों के सदृश फेन की शोभा वाला जो गंगाजल का प्रवाह है, वह आपके सिर पर जलविन्दु के समान (छोटा) दिखायी पड़ा और (सिर से नीचे गिरने पर) उसी जलविन्दु ने समुद्र रूपी करधनी (वलय) के भीतर संसार को द्वीप के समान बना दिया। बस, इसी से आपका दिव्य शरीर सर्वोत्कृष्ट है– यह अनुमेय हो जाता है।।17।।

The divine river flows extensively through the sky and its charm is enhanced by the illumination of the foam by the groups of stars. (Brought down to the earth by the King Bhagiratha by propitiating Lord Shiva and known as Ganga) it creates many islands and whirlpools on the earth. The same turbulent river appears like a mere droplet of water on your head. This itself shows how lofty and divine your body (form) is! (17)

रथः क्षोणी यन्ता शतधृतिरगेन्द्रो धनुरथो
रथाङ्गे चन्द्रार्कौ रथ-चरण-पाणिः शर इति।
दिधक्षोस्ते कोऽयं त्रिपुरतृणमाडम्बर-विधिः
विधेयैः क्रीडन्त्यो न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः॥१८॥

हे परमेश्वर! त्रिपुरासुर रूपी तृण को दग्ध करने के इच्छुक आपने पृथ्वी को रथ, ब्रह्मा को सारथि, सुमेरु पर्वत को धनुष, चन्द्र और सूर्य को रथ के दोनों चक्के और चक्रपाणि विष्णु को (जो) बाण बनाया, (तो) यह सब आडम्बर (समारम्भ) करने का क्या प्रयोजन था? सर्वसमर्थ आप उसे अपने इच्छामात्र से जला सकते थे) निश्चय ही अपने वशवर्ती (हाथ में स्थित) खिलौनों से खेलती हुई ईश्वर की बुद्धि पराधीन नहीं होती (अर्थात् वह स्वतन्त्र रूप से अपने खिलौनों से खेलती रहती है)।।18।।

When you wanted to burn the three cities, you had the earth as the chariot, Brahma as the charioteer, the Meru mountain as the bow, the sun and the moon as the parts of the chariot and VishhNu himself (who holds the chariot-wheeel in his hand - Sudarshan chakra?), as the arrow. Why this demonstrative show when you as the dictator of everything, could have done the job as a trifle? The Lord's greatness is not dependent on anybody or anything. (Incidentally there is a view that the burning of the three cities would refer to the burning of three kinds of bodies of man i. e. `Sthula Sharira', `Sukshma sharira' and `Karana sharira'). (18)

हरिस्ते साहस्रं कमल बलिमाधाय पदयोः
यदेकोने तस्मिन् निजमुदहरन्नेत्रकमलम्।
गतो भक्त्युद्रेकः परिणतिमसौ चक्रवपुषः
त्रयाणां रक्षायै त्रिपुरहर जागर्ति जगताम्॥१९॥

हे त्रिपुरारि! भगवान् विष्णु ने आपके चरणों में एक हजार कमल चढ़ाने का संकल्प किया था। उनमें जो एक कमल कम पड़ गया तो उन्होंने अपना ही नेत्रकमल उखाड़ कर चढ़ा दिया। बस, उनकी यही भक्ति की पराकाष्ठा सुदर्शन चक्र का स्वरूप धारण कर त्रिभुवन की रक्षा के लिये सदा जागरूक है (भगवान् शंकर ने

प्रसन्न होकर श्रीविष्णु को चक्र प्रदान कर दिया था, जो विश्व का संरक्षण अनुग्रह-निग्रह द्वारा करता है)।।19।।

VishhNu once brought 1000 lotuses and was placing them at your feet; after placing 999 flowers he found that one was missing; he plucked out one of his own eyes and offered it as a lotus; this supreme exemplification of devotion on his part was transformed into the wheel (sudarshana chakra) in his hand, which he uses for protecting the world. (19)

क्रतौ सुप्ते जाग्रत् त्वमसि फलयोगे क्रतुमतां
क्व कर्म प्रध्वस्तं फलति पुरुषाराधनमृते।
अतस्त्वां सम्प्रेक्ष्य क्रतुषु फलदान-प्रतिभुवं
श्रुतौ श्रद्धां बध्वा दृढपरिकरः कर्मसु जनः।।२०।।

हे त्रिपुरारि! (बिना फल दिये ही) यज्ञादि के समाप्त हो जाने पर यज्ञकर्ताओं का यज्ञ फल से सम्बन्ध करने के लिये (फल दिलाने के लिये) आप तत्पर रहते हैं। कर्म तो करने के बाद नष्ट हो जाता है (वह जड है)। अतः चेतन परमेश्वर की आराधना के बिना वह नष्ट कर्म फल देने में समर्थ नहीं होता है। इसलिये आपको यज्ञों के फल देने में समर्थ दाता देखकर पुण्यात्मा लोग वेदवाक्यों में श्रद्धा-विश्वास रखकर (यज्ञ) कर्म में तत्पर रहते हैं।।20।।

You ensure that there is a connection between cause and effect and hence when men perform a sacrifice they obtain good results. Otherwise how can there be future result for a past action? Thus on seeing your power in rewarding people performing sacrificial worship, with good results, men believe in Vedas and firmly engage themselves in various worshipful acts. (20)

क्रियादक्षो दक्षः क्रतुपतिरधीशस्तनुभृतां
ऋषीणामार्त्विज्यं शरणद सदस्याः सुर-गणाः।
क्रतुभ्रंशस्त्वत्तः क्रतुफल-विधान-व्यसनिनः
ध्रुवं कर्तुः श्रद्धा-विधुरमभिचाराय हि मखाः।।२१।।

हे शरणदाता शंकर! कार्य में कुशल प्रजाजनों का स्वामी प्रजापति दक्ष यज्ञ का यजमान (क्रतुपति) बना था। त्रिकालदर्शी ऋषिगण याज्ञिक (यज्ञ कराने वाले होता आदि) थे। देवगण यज्ञ के सामान्य सदस्य थे। फिर भी यज्ञफल के वितरण के व्यसनी आपसे ही यज्ञ का विध्वंस हो गया। अत: यह निश्चित है कि अश्रद्धा से किये गये यज्ञ (कर्म) कर्ता के विनाश के लिये ही सिद्ध हाते हैं (दक्ष ने श्रद्धावर्जित यज्ञ किया था)।।21।।

All the same, O Protector. though you exert to reward all sacrifices. those done without faith in you become counter-productive, as exemplified in the case of the sacrifice performed by Daksha; Daksha was well-versed in the art of sacrifices and himself the Lord of Creation; besides, he was the chief performer: the great maharishis were the priests and the various gods were the participants! (Daksha did not invite Shiva and insulted him greatly; thus enraged, Shiva destroyed the sacrifice and Daksha too). (21)

प्रजानाथं नाथ प्रसभमभिकं स्वां दुहितरं
गतं रोहिद् भूतां रिरमयिषुमृष्यस्य वपुषा।
धनुष्पाणेर्यातं दिवमपि सपत्राकृतममुं
त्रसन्तं तेघ्द्यापि त्यजति न मृगव्याधरभसः।।२२।।

हे स्वामिन्! (एक बार) कामुक ब्रह्मा ने अपनी दुहिता से हठपूर्वक रमण करने की इच्छा की। वह लज्जा से मृगी बनकर भागी; तब ब्रह्मा भी मृग बनकर उसके पीछे दौड़े। आपने भी उन्हें दण्ड देने के लिये मृग के शिकारी के वेग के समान हाथ में धनुष लेकर बाण चला दिया। स्वर्ग में जाने पर भी ब्रह्मा आपके बाण से भयभीत हो रहे हैं। उन्हें बाण ने आज भी नहीं छोड़ा है; अर्थात् ब्रह्मा 'मृगशिरा' नक्षत्र बनकर भागे तो बाण 'आर्द्रा' नक्षत्र बनकर आज भी पीछा करता है (ये दोनों आकाशमण्डल में आगे-पीछे देखे जा सकते हैं)।।22।।

(यह पौराणिक कथा है कि एक बार ब्रह्मा अपनी दुहिता सन्ध्या को अत्यन्त रूप-लावण्यवती देखकर मोहित हो गये। उन्होंने अपगमन करना चाहा। सन्ध्या लज्जा के मारे मृगी बनकर भाग चली। ब्रह्मा ने मृग रूप बना लिया और पीछा किया। इस अनर्थ को देखकर भगवान् भूतभावन ने प्रजानाथ को दण्डित करने के लिये पिनाक

चढ़ाकर बाण छोड़ दिया। उससे पीड़ित तथा लज्जित होकर ब्रह्मा मृगशिरा नक्षत्र हो गये। फिर रुद्र का बाण भी आर्द्रा नक्षत्र होकर उनके पीछे-भाग में लग गया। वह आज भी उनके पीछे लगा हुआ दीखता है।)

O, Protector! Once Brahma became infatuated with his own daughter. When she fled taking the form of a female deer he also took the form of a male deer and chased her. You took the form of a hunter and went after him, with a bow in hand. Struck by your arrow and very much frightened, Brahma fled to the sky taking the form of a star. Even today he stands frightened by you. (22)

स्वलावण्याशंसा धृतधनुषमह्नाय तृणवत्
पुरः प्लुष्टं दृष्ट्वा पुरमथन पुष्पायुधमपि।
यदि स्त्रैणं देवी यमनिरत-देहार्ध-घटनात्
अवैति त्वामद्धा बत वरद मुग्धा युवतयः॥२३॥

हे त्रिपुरारि! हे यम-नियमपरायण! हे वरद शंकर! अपने सौन्दर्य से शिव पर विजय प्राप्त कर लूँगा– इस सम्भावना से हाथ में धनुष उठाये हुए कामदेव को सामने ही तुरंत आपके द्वारा तिनके की भाँति भस्म होता हुआ देखकर भी यदि देवी (पार्वती जी) अर्धनारीश्वर (आधे शरीर में पार्वती को स्थान देने) के कारण आपको स्त्रीभक्त जानती हैं तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है; क्योंकि स्त्रियाँ (स्वभावतः) अज्ञानी होती है।।23।।

O, destroyer of the three cities! Boon-giver! Practitioner of austerities! Before the very eyes of Parvati, you reduced Manmatha (the god of love) to ashes, the moment he tried to arouse passion in you for Parvati, by shooting his famous flower arrows. Even after witnessing this, if Parvati, thinks that you are attracted by her physical charm, on the basis of your sharing half the body with her, certainly women are under self-delusion. (23)

श्मशानेष्वाक्रीडा स्मरहर पिशाचाः सहचराः
चिता-भस्मालेपः स्रगपि नृकरोटी-परिकरः।

अमङ्गल्यं शीलं तव भवतु नामैवमखिलं
तथापि स्मर्तृणां वरद परमं मङ्गलमसि॥२४॥

हे कामरिपु! हे वरद शंकर जी! आप श्मशानों में क्रीडा करते हैं, प्रेत-पिशाचगण आपके साथी हैं, चिता की भस्म आपका अंगराग है, आपकी माला भी मनुष्य की खोपड़ियों की है। इस प्रकार यह सब आपका अमंगल स्वभाव (स्वाँग) देखने में भले ही अशुभ हो, फिर भी स्मरण करने वाले भक्तों के लिये तो आप परम मंगलमय ही हैं॥24॥

O, boon giver! O, destroyer of Cupid! You play in the burning ghats. your friends are the ghosts. Your body is smeared with the ashes of the dead bodies. Your garland is of human skulls. Every aspect of your character is thus inauspicious. Let it be. It does not matter. Because, with all these known oddness, you are quick to grant all auspicious things to the people who just think of you. (It is interesting to note here that in his Devi Aparaadha Kshamapana Stotra Shankaracharya says that, despite his poor and deficient possessions, Shiva got the power to grant boons entirely because of his having taken the hand of Parvathi in marriage; in the previous shloka, Pushhpadanta calls it naive on the part of Parvati, if she thinks that Shiva is attracted by her charm simply because he is sharing half the body with her. This dichotomy etc. is due to the custom that when a particular lord is to be extolled, the other gods are to be belittled to some extent). (24)

मनः प्रत्यक्चित्ते सविधमविधायात्त-मरुतः
प्रहृष्यद्रोमाणः प्रमद-सलिलोत्सङ्गति-दृशः।
यदालोक्याह्लादं ह्रद इव निमज्यामृतमये
दधत्यन्तस्तत्त्वं किमपि यमिनस्तत् किल भवान्॥२५॥

हे प्रभो! (शम-दम आदि साधनों से सम्पन्न) यमी लोग शास्त्रोपदिष्ट विधि से वायु रोककर (प्राणायाम कर) हृदय कमल में मन को बहिर्मुखी (संकल्प-विकल्पात्मक) सभी वृत्तियों से शून्य करके अपने भीतर जिस किसी विलक्षण (आनन्दरूप परब्रह्म चिन्मात्र) तत्त्व का दर्शन कर रोमांचित हो जाते हैं और उनकी आँखें आनन्द के

आँसुओं से भर जाती हैं। उस समय मानो वे अमृत के समुद्र में अवगाहन कर दिव्य आनन्द का अनुभव करते हैं; वह निर्गुण आनन्दस्वरूप ब्रह्म निश्चय रूप से आप ही हैं।।25।।

The great yogis regulate their breath, control and still their mind, look inward and enjoy the bliss with their hair standing on edge and eyes filled with tears of joy. It looks as though they are immersed in nectar. That bliss which they see in their heart and exult thus, is verily you Yourself! (25)

(The second line has an alternate (paaThabheda), salilotsa. ngita (salila + utsa. ngita). However, utsa. ngati is more appropriate than sa. ngita, both in terms of meaning and grammar! sa. ngita has grammatical problems (it needs to be sa. ngIta which does not fit the meter! It may as well be some printer's mistake originally which got reprinted in newer books.)

त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवहः
त्वमापस्त्वं व्योम त्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च।
परिच्छिन्नामेवं त्वयि परिणता बिभ्रति गिरं
न विद्मस्तत्तत्त्वं वयमिह तु यत् त्वं न भवसि।।२६।।

हे भगवन्! परिपक्व बुद्धि वाले प्रौढ़ विद्वान् आप सूर्य हैं, आप चन्द्र हैं, आप पवन हैं, आप अग्नि हैं, आप जल हैं, आप आकाश हैं, आप पृथ्वी हैं, आप आत्मा हैं– इस प्रकार की सीमित अर्थयुक्त वाणी आपके विषय में करते रहे हैं; पर हम तो विश्व में ऐसा कोई तत्त्व (वस्तु) नहीं देखते (जानते) जो स्वयं साक्षात् आप न हों।।26।।

You are the sun, the moon, the air, the fire, the water, the sky (ether/space), and the earth (the five elements or `Bhuta's). You are the Self which is omnipresent. Thus people describe in words every attribute as yours. On the other hand, I do not know any fundamental principle or thing or substance, which you are not!. (26)

त्रयीं तिस्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रीनपि सुरान्
अकाराद्यैर्वर्णैस्त्रिभिरभिदधत् तीर्णविकृति।

तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः
समस्तं व्यस्तं त्वां शरणद गृणात्योमिति पदम्॥२७॥

हे शरण देने वाले! ओम्– यह शब्द अपने व्यस्त (पृथक्-पृथक् अक्षर वाले) अकार, उकार, मकाररूप से तीनों वेद (ऋक्, यजुः, साम), तीनों अवस्था (जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति), तीनों लोक (स्वर्ग-भूमि-पाताल), तीनों देवता (ब्रह्मा-विष्णु-महेश), तीनों शरीर (स्थूल-सूक्ष्म-कारण), तीनों रूप (विश्व-तैजस-प्राज्ञ) आदि के रूप में आपका ही प्रतिपादन करता है तथा अपने अवयवों के समष्टि (संयुक्त-समस्त) रूप (ओम्) से निर्विकार निष्कल तीन अवस्था एवं त्रिपुटियों से रहित आपके तुरीय स्वरूप की सूक्ष्म ध्वनियों से ग्रहण कर प्रतिपादन करता है (ॐ आपके स्वरूप का सर्वतः निर्वचन करता है)।।27।।

O, grantor of refuge and protection! The word `OM' consists of the three letters `a', `u' and `m'. It refers to the three Vedas (Rik, Yajuh and SAma), the three states (Jaagrat. h, Swapna, and sushhupti-awakened, dreaming and sleeping), the three worlds (Bhuh, Bhuvah and Suvah) and the three gods (Brahma, VishhNu amd Mahesha). It refers to you yourself both through the individual letters as well as collectively; in the latter form (i.e. the total word `OM') it refers to your omnipresent absolute nature, as the fourth state of existence i.e. `Turlyam' (sleep-like yet awakened and alert state, as a fully-drawn bow). (27)

भवः शर्वो रुद्रः पशुपतिरथोग्रः सहमहान्
तथा भीमेशानाविति यदभिधानाष्टकमिदम्।
अमुष्मिन् प्रत्येकं प्रविचरति देव श्रुतिरपि
प्रियायास्मैधाम्ने प्रणिहित-नमस्योघस्मि भवते॥२८॥

हे महादेव! आपके जो आठ अभिधान (नाम)– भव, शर्व, रुद्र, पशुपति, उग्र, महादेव, भीम और ईशान हैं, उनमें प्रत्येक में वेदमन्त्र भी पर्याप्त मात्रा में विचरण करते हैं और वेदानुगामी पुराण भी इन नामों में विचरते हैं; अर्थात् वेद-पुराण सभी उन आठों

नामों का अतिशय प्रतिपादन करते हैं। अतः परम प्रिय एवं प्रत्यक्ष समस्त जगत् के आश्रय आपको मैं साष्टांग प्रणाम करता हूँ।।28।।

I salute you as the dear abode of the following 8 names:bhava, sharva, rudra, pashupati, ugra, Sahamahan, Bhiima, and Ishaana; the `Vedas' also discusses individually about these names. (28) (Also a variation of first and second lines as sahamahAnstathaa.)

नमो नेदिष्ठाय प्रियदव दविष्ठाय च नमः
नमः क्षोदिष्ठाय स्मरहर महिष्ठाय च नमः।
नमो वर्षिष्ठाय त्रिनयन यविष्ठाय च नमः
नमः सर्वस्मै ते तदिदमतिसर्वाय च नमः।।२९।।

हे अति निकटवर्ती और एकान्त (निर्जन) वन-विहार के प्रेमी! आपको प्रणाम है; अति दूरवर्ती आपको प्रणाम है। हे कामारि! अति लघु (सूक्ष्मरूपधारी) आपको प्रणाम है। हे अति महान्! आपको प्रणाम है। हे त्रिनेत्र वृद्धतम! आपको नमस्कार है; अत्यन्त युवक! आपको प्रणाम है। सर्वस्वरूप! आपको नमस्कार है; परोक्ष, प्रत्यक्ष पद से परे अनिर्वचनीय सबके अधिष्ठान स्वरूप! आपको नमस्कार है।।29।।

O, destroyer of Cupid! O, the three-eyed one! Salutations to you, who is the forest-lover, the nearest and the farthest; the minutest and the biggest, the oldest and the youngest; salutations to you who is everything and beyond everything! (29)

बहुल-रजसे विश्वोत्पत्तौ भवाय नमो नमः
प्रबल-तमसे तत् संहारे हराय नमो नमः।
जन-सुखकृते सत्त्वोद्रिक्तौ मृडाय नमो नमः
प्रमहसि पदे निस्त्रैगुण्ये शिवाय नमो नमः।।३०।।

विश्व की सृष्टि के लिये रजोगुण की अधिकता धारण करने वाले ब्रह्मारूपधारी! आपको बारम्बार नमस्कार है। विश्व के संहार के लिये तमोगुण की अधिकता धारण करने वाले हर (रुद्र) रूपधारी! आपको बारम्बार नमस्कार है। समस्त जीवों के सुख

(पालन) के लिये सत्त्वगुण की अधिकता धारण करने वाले विष्णुरूपधारी (आप) मृड को बारम्बार नमस्कार है। स्वयं प्रकाश मोक्ष के लिये त्रिगुणातीत, समस्त द्वैत से रहित मंगलमय अद्वैत (आप) शिव को बारम्बार नमस्कार है।।30।।

Salutations to you in the name of'Bhava' in as much as you create the world by taking the `rajas' as the dominant quality; salutations to you in the name of `Hara' in as much as you destroy the world by taking the `tamas' as the dominant quality; salutations to you in the name of `Mrida', in as much as you maintain and protect the world by taking `Satva' as the dominant quality. Again salutations to you in the name of Shiva in as much as you are beyond the above-mentioned three qualities and are the seat of the supreme bliss. (30)

कृश-परिणति-चेतः क्लेशवश्यं क्व चेदं
क्व च तव गुण-सीमोल्लङ्घिनी शश्वदृद्धिः।
इति चकितममन्दीकृत्य मां भक्तिराधाद्
वरद चरणयोस्ते वाक्य-पुष्पोपहारम्।।३१।।

हे वरद शिव! (अविद्या आदि) कष्टों के वशीभूत (अल्प शक्तियुक्त) कहाँ तो यह मेरा चित्त और कहाँ सम्पूर्ण गुणों की सीमा के बाहर पहुँची सदा (त्रिकाल) स्थायिनी आपकी ऋद्धि (विभूति)। (दोनों में बहुत असमानता है।) इसी भय से ग्रस्त आपके चरणों की भक्ति ने मुझे उत्साहित कर आपके चरणों में मुझसे वाक्यरूपी पुष्पोपहार, वाक्यकुसुमांजलि, वाक्यचय की स्तुति रूपी अंजलि समर्पित करायी है।।31।।

O, boon-giver! I was very perplexed to sing your praise considering my little awareness and afflicted mind vis-a-vis your ever increasing limitless quality; however, my devotion to you made me set aside this diffidence and place these floral lines at your feet. (31)

असित-गिरि-समं स्यात् कज्जलं सिन्धु-पात्रे
सुर-तरुवर-शाखा लेखनी पत्रमुर्वी।

लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं
तदपि तव गुणानामीश पारं न याति॥३२॥

हे ईश! यदि काले पर्वत के समान स्याही हो, समुद्र की दावात हो, कल्पवृक्ष की शाखाओं की कलम बने, पृथ्वी कागज बने और इन साधनों से यदि सरस्वती (स्वयं) सर्वदा (जीवनपर्यन्त) आपके गुणों को लिखें तब भी वे आपके गुणों का पार नहीं पा सकेंगी॥32॥

O, great master! Even, if one were to assume that the blue mountain , the ocean, the heavenly tree and the earth are the ink, the ink-pot, the pen and the paper respectively and the goddess of learning (Saraswati) herself is the writer, she will not be able to reach the frontiers of your greatness, however long she were to write! (32)

असुर - सुर - मुनीन्द्रैरर्चितस्येन्दु - मौलेः
ग्रथित-गुणमहिम्नो निर्गुणस्येश्वरस्य।
सकल-गण-वरिष्ठः पुष्पदन्ताभिधानः
रुचिरमलघुवृत्तैः स्तोत्रमेतच्चकार॥३३॥

इस प्रकार शिव के सभी गणों में श्रेष्ठ पुष्पदन्त नामक गन्धर्व ने दैत्येन्द्रों, सुरेन्द्रों एवं मुनीन्द्रों से पूजित, समस्त गुणों से परिपूर्ण होते हुए भी निर्गुण जगदीश्वर चन्द्रशेखर भगवान् शिवजी के इस सुन्दर स्तोत्र को बड़े छन्दों में (स्तुति-हेतु) बनाया॥33॥

The best one among all groups (Gandharva?), Pushhpadanta by name, composed this charming hymn in none too short metres, in praise of the great lord who wears the moon in his head (Shiva), who is worshipped and glorified by all demons, gods and sages and who is beyond all attributes and forms. (33)

अहरहरनवद्यं धूर्जटेः स्तोत्रमेतत् पठति
परमभक्त्या शुद्ध-चित्तः पुमान् यः।

स भवति शिवलोके रुद्रतुल्यस्तथाघ्र
प्रचुरतर-धनायुः पुत्रवान् कीर्तिमांश्च॥३४॥

जो व्यक्ति पवित्र अन्तःकरण (हृदय) से परम भक्ति के साथ भगवान् शंकर के इस प्रशंसनीय स्तोत्र का नित्य पाठ करता है, वह इस लोक में पर्याप्त धन एवं आयु को पाता है, पुत्रवान् और यशस्वी होता है तथा (मृत्यु के बाद) शिवलोक को प्राप्त कर शिव के समान (आनन्दमग्न) रहता है।।34।।

Whoever reads this faultless hymn of Shiva daily, with pure mind and great devotion, ultimately reaches Shiva's domain and becomes equal to him; in this world, he is endowed with children, great wealth, long life and fame. (34)

महेशान्नापरो देवो महिम्नो नापरा स्तुतिः।
अघोरान्नापरो मन्त्रो नास्ति तत्त्वं गुरोः परम्॥३५॥

महेश से बढ़कर (उत्तम) कोई देवता नहीं है, (इस) शिवमहिम्नःस्तोत्र से बढ़कर कोई स्तोत्र नहीं है। अघोरमन्त्र से बढ़कर कोई मन्त्र नहीं है, गुरु से बढ़कर कोई तत्त्व नहीं है।।35।।

There is no God higher than Mahesha; there is no hymn better than this one. There is no `mantra' greater than `OM' and there is no truth or principle beyond one's teacher/spiritual guide. (35)

दीक्षा दानं तपस्तीर्थं ज्ञानं यागादिकाः क्रियाः।
महिम्नस्तव पाठस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्॥३६॥

मन्त्र आदि की दीक्षा, दान, तप, तीर्थाटन, ज्ञान तथा यज्ञादि– ये सब शिवमहिम्नःस्तोत्र की सोलहवीं कला (अंश) को भी नहीं पा सकते।।36।।

Initiation (into spiritual development), charity, penance, pilgrimage, spiritual knowledge and religious acts like sacrifices are not capable of yielding even one-sixteenth of the return that will result from the reading of this hymn. (36)

कुसुमदशन-नामा सर्व-गन्धर्व-राजः
शशिधरवर-मौलेर्देवदेवस्य दासः।
स खलु निज-महिम्नो भ्रष्ट एवास्य रोषात्
स्तवनमिदमकार्षीद् दिव्य-दिव्यं महिम्नः॥३७॥

बालचन्द्र को सिर पर धारण करने वाले देवाधिदेव महादेव का पुष्पदन्त नामक एक दास, जो सभी गन्धर्वों का राजा था, इन शिव जी के कोप से अपने ऐश्वर्य से च्युत हो गया था। (उसके बाद) उसने इस परम दिव्य शिवमहिम्नः स्तोत्र की रचना की (जिससे पुनः उसने उनकी कृपा प्राप्त की)।।37।।

Kusumadanta (equivalent of Pushhpadanta) was the king of all Gandharvas and he was a devotee of the Lord of lords, Shiva, who wears the baby moon (with a few digits only) in his head. He fell from his glorious position due to Shiva's wrath at his misconduct. It was then that the Gandharva composed this hymn which is the most divine. (37)

सुरगुरुमभिपूज्य स्वर्ग-मोक्षैक-हेतुं
पठति यदि मनुष्यः प्राञ्जलिर्नान्य-चेताः।
व्रजति शिव-समीपं किन्नरैः स्तूयमानः
स्तवनमिदममोघं पुष्पदन्तप्रणीतम्॥३८॥

यदि मनुष्य हाथ जोड़कर एकाग्रचित्त से देवताओं, मुनियों के पूज्य, स्वर्ग एवं मोक्ष को देने वाले, पुष्पदन्तरचित इस अमोघ (अवश्य फल देने वाले) स्तोत्र का पाठ करता है तो वह किन्नरों से स्तुति (प्रशंसा) प्राप्त करता हुआ भगवान् शिव के समीप (शिवलोक में) पहुँच जाता है।।38।।

If an aspirant for heaven and liberation, worships Shiva, the teacher of gods, at first and then reads this unfailing hymn, composed by Pushhpadanta, with folded hands and single-mindedness, he attains Shiva's abode, being praised by `kinnaras' (a group of semi gods known for their singing talent). (38)

आसमाप्तमिदं स्तोत्रं पुण्यं गन्धर्व-भाषितम्।
अनौपम्यं मनोहारि सर्वमीश्वरवर्णनम्।।३९।।

पुष्पदन्तरचित यह सम्पूर्ण स्तोत्र (आदि से अन्त तक) पवित्र है, अनुपम है, मनोहर है, शिव (मंगलमय) है। इसमें ईश्वर (शिव) का वर्णन है।।39।।

Here ends this meritorious, charming and incomparable hymn, uttered by the Gandharva, all in description of the great master. (39)

इत्येषा वाङ्मयी पूजा श्रीमच्छङ्कर-पादयोः।
अर्पिता तेन देवेशः प्रीयतां मे सदाशिवः।।४०।।

उस पुष्पदन्त ने यह शिवमयी पूजा श्रीमान् शंकर के चरणों में समर्पित की है। उसी प्रकार मैंने भी (पाठरूपी पूजा) समर्पित की है। अतः इससे सदाशिव मुझ पर (भी प्रसन्न हों।।40।।

Thus, this worship in the form of words, is dedicated at the feet of Shri Shankara; may the ever-auspicious lord of the gods be pleased with this. (40)

तव तत्त्वं न जानामि कीदृशोऽसि महेश्वर।
यादृशोऽसि महादेव तादृशाय नमो नमः।।४१।।

हे महेश्वर! मैं आपका तत्त्व (वास्तविक रूप) नहीं जानता, आप कैसे हैं– इसका ज्ञान मुझे नहीं है। आप चाहे जैसे हों, वैसे ही आपको बार-बार प्रणाम है।।41।।

I do not know the truth of your nature and how you are. O, great God! My Salutations are to that nature of yours of which you really are. (41)

एककालं द्विकालं वा त्रिकालं यः पठेन्नरः।
सर्वपाप-विनिर्मुक्तः शिव लोके महीयते।।४२।।

जो मनुष्य शिवमहिम्नःस्तोत्र का पाठ एक समय, दोनों समय या तीनों समय करेगा, वह समस्त पापों से छुटकारा पाकर शिवलोक में पूजित होगा।।42।।

Whoever reads this once, twice or thrice (in a day) revels in the domain of Shiva, bereft of all sins. (42)

श्री पुष्पदन्त-मुख-पङ्कज-निर्गतेन
स्तोत्रेण किल्बिष-हरेण हर-प्रियेण।
कण्ठस्थितेन पठितेन समाहितेन
सुप्रीणितो भवति भूतपतिर्महेशः।।४३।।

पुष्पदन्त के मुख कमल से निकले हुए पापहारी शिवजी के प्रिय इस स्तोत्र को कण्ठस्थ (याद) कर एकाग्रचित (मनोयोग) से पाठ करने से समस्त प्राणियों के स्वामी महेश बहुत प्रसन्न होते हैं।।43।।

This hymn which is dear to Shiva, has emerged out of the lotus-like mouth of Pushhpadanta and is capable of removing all sins. May the lord of all beings become greatly pleased with anyone who has learnt this by heart and/or reads or recalls this with single-mindedness! (43)

।। इति श्री पुष्पदन्त विरचितं शिवमहिम्नः स्तोत्रं समाप्तम् ।।

।। इस प्रकार गन्धर्वराजपुष्पदन्तकृत शिवमहिम्नःस्तोत्र सम्पूर्ण हुआ ।।

Thus ends the `shivamahimna hymn' composed by Pushhpadanta.

श्रीशिवरामाष्टकस्तोत्रम्

शिव हरे शिव राम सखे प्रभो त्रिविधतापनिवारण हे विभो।
अज जनेश्वर यादव पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥१॥

कमललोचन राम दयानिधे हर गुरो गजरक्षक गोपते।
शिवतनो भव शङ्कर पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥२॥

सुजनरञ्जन मङ्गलमन्दिरं भजति ते पुरुषः परमं पदम्।
भवति तस्य सुखं परमद्भुतं शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥३॥

जय युधिष्ठिरवल्लभ भूपते जय जयार्जितपुण्यपयोनिधे।
जय कृपामय कृष्ण नमोऽस्तु ते शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥४॥

भवविमोचन माधव मापते सुकविमानसहंस शिवारते।
जनकजारत राघव रक्ष मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥५॥

अवनिमण्डलमङ्गल मापते जलदसुन्दर राम रमापते।
निगमकीर्तिगुणार्णव गोपते शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥६॥

पतितपावन नाममयी लता तव यशो विमलं परिगीयते।
तदपि माधव मां किमुपेक्षसे शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥७॥

अमरतापरदेव रमापते विजयतस्तव नामधनोपमा।
मयि कथं करुणार्णव जायते शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥८॥

हनुमतः प्रिय चापकर प्रभो सुरसरिद्धृतशेखर हे गुरो।
मम विभो किमविस्मरणं कृतं शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥९॥

अहरहर्जनरञ्जनसुन्दरं पठति यः शिवरामकृतं स्तवम्।
विशति रामरमाचरणाम्बुजे शिव हरे विजयं कुरु मे वरम्॥१०॥

प्रातरुत्थाय यो भक्त्या पठेदेकाग्रमानसः।
विजयो जायते तस्य विष्णुमाराध्यमाप्नुयात्॥११॥

इति श्रीरामानन्दस्वामिना विरचितं श्रीशिवरामाष्टकं सम्पूर्णम्।

पवन मन्द सुगन्ध शीतल

पवन मन्द सुगन्ध शीतल,
हेम मन्दिर शोभितम्।
निकट गंगा बहत निर्मल,
श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम्॥

शेष सुमिरन करत निशदिन,
धरत ध्यान महेश्वरम्।
वेद ब्रह्मा करत स्तुति,
श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम्॥
ॐ पवन मन्द सुगन्ध शीतल.....

शक्ति गौरी गणेश शारद,
नारद मुनि उच्चारणम्।
जोग ध्यान अपार लीला,
श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम्॥
ॐ पवन मन्द सुगन्ध शीतल.....

इन्द्र चन्द्र कुबेर धुनि कर,
धूप दीप प्रकाशितम्।
सिद्ध मुनिजन करत जय जय,
बद्रीनाथ विश्वम्भरम्॥
ॐ पवन मन्द सुगन्ध शीतल.....

यक्ष किन्नर करत कौतुक,
ज्ञान गन्धर्व प्रकाशितम्।
श्री लक्ष्मी कमला चंवरडोल,
श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम्।।
ॐ पवन मन्द सुगन्ध शीतल.....

कैलाश में एक देव निरञ्जन,
शैल शिखर महेश्वरम्।
राजयुधिष्ठिर करत स्तुति,
श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम्।।
ॐ पवन मन्द सुगन्ध शीतल.....

श्री बद्रजी के पंच रत्न,
पढत पाप विनाशनम्।
कोटि तीर्थ भवेत पुण्य,
प्राप्यते फलदायकम्।।
ॐ पवन मन्द सुगन्ध शीतल.....

पवन मन्द सुगन्ध शीतल,
हेम मन्दिर शोभितम्।
निकट गंगा बहत निर्मल,
श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम्।।

मधुराष्टकम्

अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरम्।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥१॥

वचनं मधुरं चरितं मधुरं वसनं मधुरं वलितं मधुरम्।
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥२॥

वेणुर्मधुरो रेणुर्मधुरः पाणिर्मधुरः पादौ मधुरौ।
नृत्यं मधुरं सख्यं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥३॥

गीतं मधुरं पीतं मधुरं भुक्तं मधुरं सुप्तं मधुरम्।
रूपं मधुरं तिलकं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥४॥

करणं मधुरं तरणं मधुरं हरणं मधुरं रमणं मधुरम्।
वमितं मधुरं शमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥५॥

गुञ्जा मधुरा माला मधुरा यमुना मधुरा वीची मधुरा।
सलिलं मधुरं कमलं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥६॥

गोपी मधुरा लीला मधुरा युक्तं मधुरं मुक्तं मधुरम्।
दृष्टं मधुरं शिष्टं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥७॥

गोपा मधुरा गावो मधुरा यष्टिर्मधुरा सृष्टिर्मधुरा।
दलितं मधुरं फलितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥८॥

इति श्रीमद्वल्लभाचार्यकृतं मधुराष्टकं सम्पूर्णम्।

मङ्गलगीतम्

श्रितकमलाकुचमण्डल धृतकुण्डल ए।
कलितललितवनमाल जय जय देव हरे॥१॥

दिनमणिमण्डलमण्डन भवखण्डन ए।
मुनिजनमानसहंस जय जय देव हरे॥२॥

कालियविषधरगञ्जन जनरञ्जन ए।
यदुकुलनलिनदिनेश जय जय देव हरे॥३॥

मधुमुरनरकविनाशन गरुडासन ए।
सुरकुलकेलिनिदान जय जय देव हरे॥४॥

अमलकमलदललोचन भवमोचन ए।
त्रिभुवनभवननिधान जय जय देव हरे॥५॥

समरशमितदशकण्ठ जितदूषण ए।
जनकसुताकृतभूषण जय जय देव हरे॥६॥

अभिनवजलधरसुन्दर धृतमन्दर ए।
श्रीमुखचन्द्रचकोर जय जय देव हरे॥८॥

तव चरणे प्रणता वयमिति भावय ए।
कुरु कुशलं प्रणतेषु जय जय देव हरे॥८॥

श्रीजयदेवकवेरुदितमिदं कुरुते मुदम्।
मङ्गलमञ्जुलगीतं जय जय देव हरे॥९॥

इति श्रीजयदेवविरचितं मङ्गलगीतं सम्पूर्णम्।

श्रीभगवतीस्तोत्रम्

जय भगवति देवि नमो वरदे, जय पापविनाशिनि बहुफलदे।
जय शुम्भनिशुम्भकपालधरे, प्रणमामि तु देवि नरार्तिहरे॥१॥

जय चन्द्रदिवाकरनेत्रधरे, जय पावकभूषितवक्त्रवरे।
जय भैरवदेहनिलीनपरे, जय अन्धकदैत्यविशोषकरे॥२॥

जय महिषविमर्दिनि शूलकरे, जय लोकसमस्तकपापहरे।
जय देवि पितामहविष्णुनुते, जय भास्करशक्रशिरोऽवनते॥३॥

जय षण्मुखसायुधईशनुते, जय सागरगामिनि शम्भुनुते।
जय दुःखदरिद्रविनाशकरे, जय पुत्रकलत्रविवृद्धिकरे॥४॥

जय देवि समस्तशरीरधरे, जय नाकविदर्शिनि दुःखहरे।
जय व्याधिविनाशिनि मोक्षकरे, जय वाञ्छितदायिनि सिद्धिवरे॥५॥

एतद्व्यासकृतं स्तोत्रं यः पठेन्नियतः शुचिः।
गृहे वा शुद्धभावेन प्रीता भगवती सदा॥६॥

इति व्यासकृतं श्रीभगवतीस्तोत्रं सम्पूर्णम्।

भवान्यष्टकम्

न तातो न माता न बन्धुर्न दाता
न पुत्रो न पुत्री न भृत्यो न भर्ता।
न जाया न विद्या न वृत्तिर्ममैव
गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि॥१॥

भवाब्धावपारे महादुःखभीरुः
पपात प्रकामी प्रलोभी प्रमत्तः।
कुसंसारपाशप्रबद्धः सदाहं। गतिस्त्वं०॥२॥

न जानामि दानं न च ध्यानयोगं
न जानामि तन्त्रं न च स्तोत्रमन्त्रम्।
न जानामि पूजां न च न्यासयोगम्।
गतिस्त्वं०॥३॥

न जानामि पुण्यं न जानामि तीर्थं
न जानामि मुक्ति लयं वा कदाचित्।
न जानामि भक्ति व्रतं वापि मातर्गतिस्त्वं०॥४॥

कुकर्मी कुसङ्गी कुबुद्धिः कुदासः
कुलाचारहीनः कदाचारलीनः।
कुदृष्टिः कुवाक्यप्रबन्धः सदाहम्। गतिस्त्वं॰॥५॥

व्रजेशं रमेशं महेशं सुरेशं
दिनेशं निशीथेश्वरं वा कदाचित्।
न जानामि चान्यत् सदाहं शरणये। गतिस्त्वं॰॥६॥

विवादे विषादे प्रमादे प्रवासे
जले चानले पर्वते शत्रुमध्ये।
अरण्ये शरण्ये सदा मां प्रपाहि। गतिस्त्वं॰॥७॥

अनाथो दरिद्रो जरारोगयुक्तो
महाक्षीणदीनः सदा जाड्यवक्त्रः।
विपत्तौ प्रविष्टः प्रणष्टः सदाहं। गतिस्त्वं॰॥८॥

इति श्रीमच्छङ्कराचार्यकृतं भवान्यष्टकं सम्पूर्णम्।

गौरीशाष्टकम्

भज गौरीशं भज गौरीशं गौरीशं भज मन्दमते। (ध्रुवपदम्)

जलभवदुस्तरजलधिसुतरणं ध्येयं चित्ते शिवहरचरणम्।
अन्योपायं न हि न हि सत्यं गेयं शङ्कर शङ्कर नित्यम्। भज॰ ॥१॥

दारापत्यं क्षेत्रं वित्तं देहं गेहं सर्वमनित्यम्।
इति परिभावय सर्वमसारं गर्भविकृत्या स्वप्नविचारम्। भज॰ ॥२॥

मलवैचित्ये पुनरावृत्तिः पुनरपि जननीजठरोत्पत्तिः।
पुनरप्याशाकुलितं जठरं किं नहि मुञ्चसि कथयेश्चित्तम्। भज॰ ॥३॥

मायाकल्पितमैन्द्रं जालं न हि तत्सत्यं दृष्टिविकारम्।
प्राते तत्त्वे सर्वमसारं मा कुरु मा कुरु विषयविचारम्। भज॰ ॥४॥

रजौ सर्पभ्रमणारोपस्तद्वद्ब्रह्मणि जगदारोपः।
मिथ्यामायामोहविकारं मनसि विचारय बारम्बारम्। भज॰ ॥५॥

अध्वरकोटीगङ्गागमनं कुरुते योगं चेन्द्रियदमनम्।
ज्ञानविहीनः सर्वमतेन न भवति मुक्तो जन्मशतेन। भज॰ ॥६॥

सोऽहं हंसो ब्रह्मैवाहं शुद्धानन्दस्तत्त्वपरोऽहम्।
अद्वैतोऽहं सङ्गविहीने चेन्द्रिय आत्मनि निखिले लीने। भज॰ ॥७॥

शङ्करकिङ्कर मा कुरु चिन्तां चिन्तामणिना विरचितमेतत्।
यः सद्भक्त्या पठति हि नित्यं ब्रह्मणि लीनो भवति हि सत्यम्। भज॰॥८॥

इति श्रीचिन्तामणिविरचितं गौरीशाष्टकं सम्पूर्णम्।

जयशंभुनाथ, दिगंबरम्

जयशंभुनाथ, दिगंबरम्। करुणाकरं जगदीश्वरम्।।
भवतारणम् भयहारणम्। करुणाकरंजगदीश्वरम्।।
मृगछाल अंग सुशोभितम्। करमाल दण्ड बिराजितम्।।
यमकाल पाशबिमोचकम्। करुणाकरं जगदीश्वरम्।।
जय शंभुनाथ दिगंबरम्। करुणाकरम् जगदीश्वम्।।
भवतारणम् भयहारणम्। करुणाकरं जगदीश्वरम्।।
गलरुण्डमाल कपालब्याल। तनभस्म शोभित सुंदरम्।।
तवशक्ति अंग सुशोभितम्। करुणाकरं जगदीश्वरम्।।
जय शंभुनाथ दिगंबरम्। करुणाकरं जगदीश्वरम्।।
भवतारणं भयहारणम्। करूणाकरं जगदीश्वरम्।।
हे दक्षयज्ञ बिनाशकम्। हे कामदाहन कारणम्।।
श्री गणेशस्कंद नमस्कृतम्। करुणाकरं जगदीश्वरम्।।
जय शंभुनाथ दिगंबरम्। करुणाकरं जगदीश्वरम्।।
भवतारणं भयहारणम्। करूणाकरं जगदीश्वरम्।।
आशुतोष शशांक शेखर चन्द्रमौलिमृत्युञ्जयम्।।
तवपादकमल नमाम्यहं। करूणाकरं जगदीश्वरम्।।
जय शंभुनाथ दिगंबरम्। करूणाकरं जगदीश्वरम्।।
भवतारणं भयहारणम्। करूणाकरं जगदीश्वरम्।।

प्रभु महादेव के अर्द्धनारीश्वर स्वरूप का कारण..

शिवभक्त- 'भृंगी'

जब भी भगवान शिव के गणों की बात होती है तो उनमें नंदी, भृंगी, श्रृंगी इत्यादि का वर्णन आता ही है। हिन्दू धर्म में नंदी एक बहुत ही प्रसिद्ध शिवगण हैं जिनके बारे में हमारे ग्रंथों में बहुत कुछ लिखा गया है।

नंदी की भांति ही भृंगी भी शिव के महान गण और तपस्वी भक्त हैं किन्तु दुर्भाग्यवश उनके बारे में हमें अधिक जानकारी नहीं मिलती है। भृंगी को तीन पैरों वाला गण कहा गया है। कवि तुलसीदास जी ने भगवान शिव का वर्णन करते हुए भृंगी के बारे में लिखा है- **"बिनुपद होए कोई बहुपद बाहु॥"**

अर्थात: शिवगणों में कोई बिना पैरों के तो कोई कई पैरों वाले थे। यहाँ कई पैरों वाले से तुलसीदास जी का अर्थ भृंगी से ही है।

पुराणों में उन्हें एक महान ऋषि के रूप में दर्शाया गया है जिनके तीन पाँव हैं। शिवपुराण में भी भृंगी को शिवगण से पहले एक ऋषि और भगवान शिव के अनन्य भक्त के रूप में दर्शाया गया है। भृंगी को पुराणों में अपने धुन का पक्का बताया गया है।

भगवान शिव में उनकी लगन इतनी अधिक थी कि अपनी उस भक्ति में उन्होंने स्वयं शिव-पार्वती से भी आगे निकलने का प्रयास कर डाला। भृंगी का निवास स्थान पहले पृथ्वी पर बताया जाता था।

उन्होंने भी नंदी की भांति भगवान शिव की घोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने उसे दर्शन दिए और वर मांगने को कहा। तब भृंगी ने उनसे वर माँगा कि वे जब भी चाहें उन्हें महादेव का सानिध्य प्राप्त हो सके।

ऐसा सुनकर महादेव ने उसे वरदान दिया कि वो जब भी चाहे कैलाश पर आ सकते हैं। उस वरदान को पाने के बाद भृंगी ने कैलाश को ही अपना निवास स्थान बना लिया और वही भगवान शिव के सानिध्य में रहकर उनकी आराधना करने लगा।

भक्त कई प्रकार के होते हैं किन्तु उनमें से जो सबसे दृढ होता है उसे 'जड़ भगत' कहते हैं। जड़ भगत का अर्थ ऐसे भक्त से होता है जिसे अपनी भक्ति के आगे कुछ और नहीं सूझता। ऐसे भक्त अपनी अति भक्ति के कारण कई बार हित-अहित का विचार भी भूल जाते हैं जिससे अंतत: उनका ही अनिष्ट होता है। कहा गया है कि **'अति सर्वत्र वर्जयेत्'**। अर्थात किसी भी चीज की अति नहीं करनी चाहिए।

भृंगी की भक्ति भी इसी जड़-भक्ति की श्रेणी में आती थी। वे महादेव के भक्त तो थे किन्तु भगवान शिव में उनका अनुराग इतना अधिक था कि उनके समक्ष उन्हें कुछ दिखता ही नहीं था। यही नहीं, जिस माँ पार्वती की पूजा पूरा जगत करता है और जो जगतमाता हैं, भगवान शिव के आगे भृंगी स्वयं उन्हें भी भूल जाते थे।

ऐसा विधान है कि भगवान शिव की पूजा माता पार्वती की पूजा के बिना अधूरी मानी जाती है। यही कारण है कि विश्व के सभी महान ऋषि जब भी भगवान शिव की पूजा करते हैं तो वे माता की पूजा भी अवश्य करते हैं। ये इस बात का द्योतक है कि शिव और

शक्ति कोई अलग अलग नहीं हैं अपितु दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। इसीलिए शिव की पूजा से शक्ति और शक्ति की पूजा से शिव स्वत: ही प्रसन्न हो जाते हैं।

किन्तु भृंगी की भक्ति अलग ही श्रेणी की थी। पूरे विश्व में केवल वही एक ऋषि थे जो सदैव केवल शिव की ही पूजा किया करते थे और माता पार्वती की पूजा नहीं करते थे। नंदी आदि शिवगणों ने उन्हें कई बार समझाया कि केवल शिवजी की पूजा नहीं करनी चाहिए किन्तु उनकी भक्ति में डूबे भृंगी को ये बात समझ में नहीं आयी। स्थिति यहाँ तक पहुंच गयी कि एक दिन भृंगी ने स्वयं शिव एवं शक्ति को अलग करना चाहा। अब ऐसे दु:साहस का परिणाम तो बुरा होना ही था।

परिणाम ये हुआ कि भृंगी को माता पार्वती के श्राप का भाजन बनना पड़ा। किन्तु उनका ये श्राप भी विश्व के लिए कल्याणकारी ही सिद्ध हुआ क्यूंकि भृंगी के कारण ही पूरे विश्व को भगवान शिव और माता पार्वती के दुर्लभ अर्धनारीश्वर रूप के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

एक बार भृंगी सदा की भांति महादेव की आराधना करने कैलाश पहुँचे। वहाँ उन्होंने देखा कि महादेव की बाई ओर उनकी माता पार्वती विराजमान थी। भगवान शिव समाधि रत थे किन्तु माता चैतन्य थीं। भृंगी ने अपनी पूजा आरम्भ की और अपने समक्ष माता पार्वती के होने के बाद भी उन्होंने केवल महादेव की ही पूजा की। माता को इस बात की जानकारी हो गयी किन्तु उन्होंने भृंगी से कुछ कहा नहीं। वे प्रसन्न थी कि कोई उनके स्वामी का इतना बड़ा भक्त है।

पूजा समाप्त करने के बाद भृंगी ने महादेव की परिक्रमा करनी चाही। वे ब्रह्मचारी थे और केवल भगवान शिव की परिक्रमा करना चाहते थे किन्तु आधी परिक्रमा करने के बाद वे रुक गए क्यूंकि महादेव के वाम अंग पर तो माता विराजमान थी।

शिव की भक्ति में डूबे भृंगी ने माता से अनुरोध किया कि वे कुछ समय के लिए महादेव से अलग हो जाएँ ताकि वे अपनी परिक्रमा पूरी कर सके। अब माता को भृंगी की अज्ञानता का बोध हुआ। उन्होंने हँसते हुए कहा कि ये मेरे पति हैं और मैं किसी भी स्थिति में इनसे अलग नहीं हो सकती।

भृंगी ने उनसे बहुत अनुरोध किया किन्तु माता शिव की गोद से हटने को तैयार नहीं हुई। भृंगी अपने हठ पर अड़े थे। भक्ति ने कब मूढ़ता का रूप ले लिया उन्हें पता नहीं चला। उन्होंने एक सर्प का रूप धारण कर लिया और परिक्रमा पूरी करने के लिए महादेव और महादेवी के बीच से निकलने का प्रयत्न करने लगे। उसके इस कृत्य से महादेव की समाधि भंग हो गयी।

जब शिव ने भृंगी को ऐसा करते हुए देखा तो वे समझ गए कि भृंगी अज्ञानता में डूबे हैं। तब उनकी अज्ञानता दूर करने के लिए महादेव ने तत्काल महादेवी को स्वयं में विलीन कर लिया।

उनका ये रूप ही प्रसिद्ध अर्धनारीश्वर रूप कहलाया जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ था। उनका ये रूप देखने के लिए देवता तो देवता, स्वयं भगवान ब्रह्मा और नारायण वहाँ उपस्थित हो गए। सबको लगा कि अब भृंगी को सत्य का ज्ञान हो जाएगा किन्तु कदाचित उनकी भक्ति सारी सीमाओं को पार कर चुकी थी।

उन्होंने भगवान शिव की परिक्रमा करने के लिए एक भयानक दु:साहस किया। उन्होंने एक चूहे का रूप धरा और अर्धनारीश्वर रूप को कुतर कर महादेव को महादेवी से अलग करने का प्रयास करने लगे।

अब तो ये अति थी। भृंगी महादेव का भक्त था इसीलिए वे तो चुप रहे किन्तु ऐसी धृष्टता देखकर माता पार्वती का धैर्य टूट गया। उन्होंने क्रोधपूर्वक कहा- "रे मुर्ख! इस अर्धनारीश्वर रूप को देखकर भी तू ये ना समझा कि शिव और शक्ति एक ही हैं। यदि तेरी दृष्टि में स्त्री शक्ति का कोई सम्मान नहीं है तो अभी तेरे शरीर से तेरी माता का अंश अलग हो जाये।"

सृष्टि के नियम के अनुसार मनुष्य को हड्डी और पेशियाँ पिता से मिलती हैं और रक्त और मांस माता से। माता पार्वती के श्राप देते ही भृंगी के शरीर से रक्त और मांस अलग हो गया। अब वो केवल हड्डियों और मांसपेशियों का एक ढांचा भर रह गया। मृत्यु उसकी हो नहीं सकती थी क्यूंकि महाकाल के पास काल कैसे आता? अब असहनीय पीड़ा सहते हुए भृंगी को अंतत: ये ज्ञान हुआ कि पुरुष और स्त्री एक दूसरे के पूरक हैं।

उसने उसी दयनीय स्थिति में माता पार्वती से क्षमा याचना की दोनों की पूजा और परिक्रमा की। तब महादेव के अनुरोध पर माता पार्वती अपना श्राप वापस लेने को तैयार हुईं। किन्तु धन्य हो भृंगी जिसने माता को ऐसा करने से रोक दिया।

उसने कहा कि - "हे माता! आप कृपया मुझे ऐसा ही रहने दें ताकि मुझे देखकर पूरे विश्व को ये ज्ञान होता रहे कि शिव और

शक्ति एक ही है और नारी के बिना पुरुष पूर्ण नहीं हो सकता।"

उसकी इस बात से दोनों बड़े प्रसन्न हुए और महादेव ने उसे वरदान दिया कि वो सदैव उनके साथ ही रहेगा। साथ ही भगवान शिव ने कहा कि चूँकि भृंगी उनकी आधी परिक्रमा ही कर पाया था इसीलिए आज से उनकी आधी परिक्रमा का ही विधान होगा। यही कारण है कि महादेव ही केवल ऐसे हैं जिनकी आधी परिक्रमा की जाती है।

भृंगी चलने फिरने में समर्थ हो सके इसीलिए भगवान शिव ने उसे तीसरा पैर भी प्रदान किया जिससे वो अपना भार संभाल कर शिव-पार्वती के साथ चल सके। भृंगी को तो ऐसा सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसके लिए स्वयं देवता भी तरसते हैं।

शिव का अर्धनारीश्वर रूप विश्व को ये शिक्षा प्रदान करता है कि पुरुष और स्त्री एक दूसरे के पूरक हैं। शक्ति के बिना तो शिव भी शव के समान हैं। अर्धनारीश्वर रूप में माता पार्वती का वाम अंग में होना ये दर्शाता है कि पुरुष और स्त्री में स्त्री सदैव पुरुष से पहले आती है और इसी कारण माता का महत्त्व पिता से अधिक बताया गया है।



श्रीशिवकृत श्रीराम-स्तुति

सुग्रीवमित्रं परमं पवित्रं सीताकलत्रं नवमेघगात्रम्।
कारुण्यपात्रं शतपत्रनेत्रं श्रीरामचन्द्र सततं नमामि।।
संसारसारं धर्मावतारं निगमप्रचारं हृतभूमिभारम्।
सदाविकारं सुखसिन्धुसारं श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।
लक्ष्मीविलासं जगतां निवास लङ्कविनाशं भुवनप्रकाशम्।
भूदेववासं शरदिन्दुहासं श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।
मन्दारमालं वचने रसालं गुणैर्विशालं हतसप्ततालम्।
क्रव्यादकालं सुरलोकपालं श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।
वेदान्तगानं सकलैः समानं हतारिमानं त्रिदशप्रधानम्।
गजेन्द्रयानं विगतावसानं श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।
श्यामाभिरामं नयनाभिरामं गुणाभिरामं वचनाभिरामम्।
विश्वप्रणामं कृतभक्तकामं श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।
लीलाशरीरं रणरङ्गधीरं विश्वैकसारं रघुवंशहारम्।
गम्भीरनादं जितसर्ववादं श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।
खले कृतान्तं स्वजने विनीतं सामोपगीतं मनसाप्रतीतम्।
रागेण गीतं वचनादतीतं श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।

श्रीशिवजी बोले- सुग्रीव के मित्र, परमपावन, सीता के पति, नवीन मेघ के समान शरीर वाले, करुणा के सिन्धु और कमल के सदृश नेत्र वाले श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ। असार संसार में एकमात्र सारवस्तु, वेदों का प्रचार करने वाले, धर्म के साक्षात् अवतार, भूभार का

हरण करने वाले, सदा अविकृत रहने वाले और आनन्दसिन्धु के सारभूत श्रीरामचन्द्र को मैं सदा नमस्कार करता हूँ। लक्ष्मी के साथ विलास करने वाले, जगत् के निवास स्थान, लंका का विनाश करने वाले, भुवनों को प्रकाशित करने वाले, ब्राह्मणों को शरण देने वाले और शारदीय चन्द्रमा के समान शुभ्र हास्य से विभूषित श्रीरामचन्द्र को मैं सतत नमन करता हूँ। [दिव्य] मन्दारपुष्पों की माला धारण करने वाले, रसीले वचन बोलने वाले, गुणों में महान्, सात ताल वृक्षों का (एक साथ) भेदन करने वाले, राक्षसों के काल तथा देवलोक के पालक श्रीरामचन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ। वेदान्त (उपनिषदों) द्वारा गेय, सब के साथ समान बर्ताव करने वाले, शत्रु के मान का मर्दन करने वाले, गजेन्द्र की सवारी करने वाले तथा अन्तरहित देव-शिरोमणि श्रीरामचन्द्र को मैं सतत नमस्कार करता हूँ। श्यामसुन्दर, नयनों को आनन्द देने वाले, गुणों से मनोहर, हृदयग्राही वचन बोलने वाले, विश्ववन्दनीय और भक्तजनों की कामनाओं को पूरा करने वाले श्रीरामचन्द्र को मैं निरन्तर प्रणाम करता हूँ। लीला मात्र के लिये शरीर धारण करने वाले, रणस्थली में धीर, विश्वभर में एकमात्र सारभूत, रघुवंश में श्रेष्ठ, गम्भीर वाणी बोलने वाले और समस्त वादों को जीतने वाले श्रीरामचन्द्र को मैं प्रतिक्षण प्रणाम करता हूँ। दुष्टजनों के लिये मृत्युरूप, अपने परिजनों के प्रति नम्र भाव वाले, सामवेद के द्वारा स्तुत, मनके भी अगोचर, प्रेम से गान करने योग्य तथा वचनों से अतीत श्रीरामचन्द्र को मैं सर्वदा नमस्कार करता हूँ। [आनन्दरामायण, सारकाण्ड १२। ११६ ख्र १२३]

श्री कुम्भोदर मुनि द्वारा विरचित श्रीराम अष्टोत्तर शत नाम

विनियोग

ॐ अस्य श्रीरामचन्द्रनामाष्टोत्तरशतमंत्रस्य ब्रह्मा ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। जानकीवल्लभः श्रीरामचन्द्रो देवता। ॐ बीजम्। नमः शक्तिः। श्रीरामचन्द्रः कीलकम्। श्रीरामचन्द्रप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

श्रीरामचन्द्रजी के इस अष्टोत्तरशतनाम-स्तोत्रमन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, इसका छन्द अनुष्टुप् है, इस स्तोत्र के देवता जानकीवल्लभ श्रीरामचन्द्र हैं। **ॐ** इसका बीज है, **नमः** शक्ति है, श्रीरामचन्द्रजी द्वारा इसका कीलन किया गया है और भगवान् श्रीरामचन्द्रजी की प्रसन्नता के लिये जपमें इसका विनियोग है।

हृदयादिषडङ्गन्यास– ॐ नमो भगवते राजाधिराजाय परमात्मने हृदयाय नमः – ऐसा कहकर दायें हाथ से हृदय का स्पर्श करे।

ॐ नमो भगवते विद्याधिराजाय हयग्रीवाय शिरसे स्वाहा- ऐसा कहकर दाहिने हाथ की पाँचों अँगुलियों से सिर का स्पर्श करे।

ॐ नमो भगवते जानकीवल्लभाय नमः शिखायै वषट्- ऐसा कहकर दाहिने हाथ के अँगूठे से शिखा का स्पर्श करे।

ॐ नमो भगवते रघुनंदनायामिततेजसे कवचाय हुम्– ऐसा कहकर दाहिने हाथ से बायें बाहुका और बायें हाथ से दाहिने बाहुका स्पर्श करे।

ॐ नमो भगवते क्षीराब्धिमध्यस्थाय नारायणाय नेत्रत्रयाय वौषट्- ऐसा कहकर दायें हाथ की अनामिका अँगुली से बायें नेत्र का, तर्जनी

अँगुली से दाहिने नेत्र का और मध्यमा अँगुली से दोनों भौंहों के बीच में स्थित तीसरे नेत्र का एक साथ ही स्पर्श करे।

ॐ नमो भगवते सत्प्रकाशाय रामाय अस्त्राय फट्- ऐसा कहकर दाहिने हाथ को सिर के पीछे से घुमाते हुए दाहिने हाथ की तर्जनी तथा मध्यमा से बायें हाथ की हथेली पर चोट करे।

इस प्रकार से शरीर के हृदय आदि छः अंगों में भगवान् को विराजित करे। तदनन्तर इसी क्रम से पाँचों अँगुलियों तथा दोनों करतलों में न्यास करे।

न्यास के अनन्तर भगवान् श्रीराम का इस प्रकार से ध्यान करे-

मन्दाराकृतिपुण्यधामविलसद्वक्षःस्थलं कोमलं
शान्तं कान्तमहेन्द्रनीलरुचिराभासं सहस्राननम्।
वन्देऽहं रघुनन्दनं सुरपतिं कोदण्डदीक्षागुरुं
रामं सर्वजगत्सुसेवितपदं सीतामनोवल्लभम्॥

जिनकी आकृति अत्यन्त सुन्दर है, जो पुण्य के धाम हैं, जिनका वक्षः स्थल कौस्तुभ तथा चिन्तामणि आदि मणियों तथा मुक्ता आदि की मालाओं से अत्यन्त सुशोभित हो रहा है। जो अत्यन्त कोमल हैं, जिनका स्वभाव बहुत ही शान्त है, कमनीय महेन्द्रनीलमणि की आभा के समान जिनके शरीर की श्यामल आभा है, विराट् पुरुष रूप में जिनके अनेकानेक मुख हैं, जो देवताओं के स्वामी एवं धनुर्वेद की दीक्षा देने वाले गुरु हैं, समस्त जगत् जिनके चरणों की सदा सेवा किया करता है और जो सीता के मनको अत्यन्त प्रिय लगने वाले हैं, उनके प्राणवल्लभ हैं, उन रघुवंश को आनन्दित करने वाले भगवान् श्रीराम की मैं वन्दना करता हूँ।

सहस्रशीर्ष्णे वै तुभ्यं सहस्त्राक्षाय ते नमः।
नमः सहस्त्रहस्ताय सहस्रचरणाय च।।
नमो जीमूतवर्णाय नमस्ते विश्वतोमुख।
अच्युताय नमस्तुभ्यं नमस्ते शेषशायिने।।
नमो हिरण्यगर्भाय पंचभूतात्मने नमः।
नमो मूलप्रकृतये देवानां हितकारिणे।।
नमस्ते सर्वलोकेश सर्वदुःखनिषूदन।
शंखचक्रगदापद्मजटामुकुटधारिणे।।
नमो गर्भाय तत्त्वाय ज्योतिषां ज्योतिषे नमः।
ॐ नमो वासुदेवाय नमो दशरथात्मज।।
नमो नमस्ते राजेन्द्र सर्वसम्पत्प्रदाय च।
नमः कारुण्यरूपाय कैकेयीप्रियकारिणे।।
नमो दांताय शांताय विश्वामित्रप्रियाय ते।
यज्ञेशाय नमस्तुभ्यं नमस्ते क्रतुपालक।।
नमो नमः केशवाय नमो नाथाय शाङ्र्गणे।
नमस्ते रामचन्द्राय नमो नारायणाय च।।
नमस्ते रामचन्द्राय माधवाय नमो नमः।
गोविन्दाय नमस्तुभ्यं नमस्ते परमात्मने।।
नमस्ते विष्णुरूपाय रघुनाथाय ते नमः।
नमस्तेऽनाथनाथाय नमस्ते मधुसूदन।।

त्रिविक्रम नमस्तेऽस्तु सीतायाः पतये नमः।
वामनाय नमस्तुभ्यं नमस्ते राघवाय च॥
नमो नमः श्रीधराय जानकीवल्लभाय च।
नमस्तेऽस्तु हृषीकेश कंदर्पाय नमो नमः॥
नमस्ते पद्मनाभाय कौसल्याहर्षकारिणे।
नमो राजीवनयन नमस्ते लक्ष्मणाग्रज॥
नमो नमस्ते काकुत्स्थ नमो दामोदराय च।
विभीषणपरित्रातर्नमः संकर्षणाय च॥
वासुदेव नमस्तेऽस्तु नमस्ते शंकरप्रिय।
प्रद्युम्नाय नमस्तुभ्यमनिरुद्धाय ते नमः॥
सदसद्भक्तिरूपाय नमस्ते पुरुषोत्तम।
अधोक्षज नमस्तेऽस्तु सप्ततालहराय च॥
खरदूषणसंहर्त्रे श्रीनृसिंहाय ते नमः।
अच्युताय नमस्तुभ्यं नमस्ते सेतुबन्धक॥
जनार्दन नमस्तेऽस्तु नमो हनुमदाश्रय।
उपेन्द्रचन्द्रवंद्याय मारीचमथनाय च॥
नमो बालिप्रहरण नमः सुग्रीवराज्यद।
जामदग्न्यमहादर्पहराय हरये नमः॥
नमो नमस्ते कृष्णाय नमस्ते भरताग्रज।
नमस्ते पितृभक्ताय नमः शत्रुघ्नपूर्वज॥

अयोध्याधिपते तुभ्यं नमः शत्रुघ्नसेवित।

नमो नित्याय सत्याय बुद्ध्यादिज्ञानरूपिणे॥

अद्वैतब्रह्मरूपाय ज्ञानगम्याय ते नमः।

नमः पूर्णाय रम्याय माधवाय चिदात्मने॥

अयोध्येशाय श्रेष्ठाय चिन्मात्राय परात्मने।

नमोऽहल्योद्धारणाय नमस्ते चापभञ्जिने॥

सीतारामाय सेव्याय स्तुत्याय परमेष्ठिने।

नमस्ते बाणहस्ताय नमः कोदण्डधारिणे॥

नमः कबन्धहन्त्रे च वालिहन्त्रे नमोऽस्तु ते।

नमस्तेऽस्तु दशग्रीवप्राणसंहारकारिणे॥

भगवान् श्रीराम के इस उत्तम अष्टोत्तर-शतनामस्तोत्र को मैंने तुम्हें बताया। यह अत्यन्त पावन है और सभी प्रकार के पापों का विनाश करने वाला है।

आरती श्री गंगा जी की

ॐ जय गंगे माता, मैया जय गंगे माता।
जो नर तुमको ध्याता, मनवांछित फल पाता॥
ॐ जय गंगे माता .....

चन्द्र सी ज्योति तुम्हारी, जल निर्मल आता।
शरण पड़े जो तेरी, सो नर तर जाता॥
ॐ जय गंगे माता .....

पुत्र सगर के तारे, सब जग को ज्ञाता।
कृपा दृष्टि हो तुम्हारी, त्रिभुवन सुख दाता॥
ॐ जय गंगे माता .....

एक बार जो प्राणी, शरण तेरी आता।
यम की त्रास मिटाकर, परमगति पाता॥
ॐ जय गंगे माता .....

आरती मातु तुम्हारी, जो नर नित गाता।
सेवक वही सहज में, मुक्ति को पाता॥
ॐ जय गंगे माता .....

आशीर्वाद प्राप्ति

साधुसन्तों की भूमि भारतवर्ष महान है। आशीर्वाद दिया नहीं जाता लिया जाता है, यदि अपने पास विवेकयुक्त बुद्धिबल, ईश्वर के प्रति भावामृत हृदय हो तो कोई भी कार्य सफल हो जाता है। ईश्वर के घर में देर है अन्धेर नहीं। क्या सन्तों का आशीर्वाद मिलता है? हाँ मिलता है ऐसा मेरा विश्वास है।

मैं अपने जन्म सम्बन्धी गाथा को आप सब के साथ साँझा कर रहा हूँ, मेरा जन्म विक्रमी संवत् 2009 माघ शुक्ल पञ्चमी मंगलवार **वसन्त पञ्चमी** तदनुसार 20 जनवरी 1953 में तहसील, जिला रियासी शिवखोड़ी धाम, गाँव पौराकोटला में हुआ। मेरा जन्म मेरे माता पिता के विवाह होने के 16 वर्ष बाद हुआ, हमारा परिवार कश्मीर से औरंगजेब के कार्यकाल में आतंक के भय से अखनूर में आकर वस गया। कुछ दूसरे परिवार हमारे पराशर गोत्रीय ब्राह्मण जम्मू, जन्दराह, उधमपुर, सूञ्जवां आदि गाँवों में वस गये। मेरे दादा श्री पं. मेला राम रैणा जी ज्योतिष और कर्मकाण्ड के उच्चकोटि के विद्वान थे। उनके छोटे भाई पं. प्रकाश राम रैणा जी आयुर्वेदाचार्य एक प्रसिद्ध हकीम थे। दोनों भाईयों का राजपरिवारों में आना जाना होता रहता था, परिवार एक प्रसिद्ध परिवार था। गढ़ सोहल जागीर के जितने भी जम्बाल राजपूत हैं सभी हमारे शिष्य हैं, मुझे आज भी स्मरण है हमारे अन्न भण्डार सदैव भरे रहते थे। चार, पाँच गौमाताएँ घर में रहती थीं। मेरे दादा जी गौ माता की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे और प्रतिदिन

पार्थिव शिवलिंग पूजन तथा शालिग्राम पूजन करते थे, किन्तु वंशवृद्धि न होने के कारण चिन्तित रहते थे उनका दृढ़ विश्वास था कि वंश अवश्य चलेगा।

उधर पौराकोटला में मेरे नानी नाना भी अपने बेटी के लिए चिन्तित रहते थे। मेरे नाना जी का बहुत बड़ा व्यापार, जम्मू तक उनकी खच्चरों पर सामान भेजा जाता। अनारदाना, गुच्छी, देसी घी इत्यादि जम्मू भेजा जाता उसके बदले में मनयारी, कपड़ा इत्यादि पौराकोटला आता था। मेरे तीन मामें भी व्यापार में सहयोग करते थे, पशुओं का पोषणादि की व्यवस्था देखते थे।

पास के गाँव से एक दिन गुज्जर, बकरवालों का समुदाय नाना जी को मिलने आया। उन्होंने कहा, "शाह जी पिछले प्रहर में (ब्रह्ममुहूर्त में) एक भूत आता है हमारे कुत्ते भौंकते हैं, आगे जाते हैं तो चुप हो जाते हैं, हम सभी भयभीत हैं, कुछ उपाय करें ताकि हमें भय से छुटकारा मिले।" नाना जी ने उन सभी को उत्तर देते हुए कहा, "तुम लोग मूर्ख हो, कोई भूत नहीं आता, जरूर कोई साधु महात्मा होंगे जो बावली पर प्रातः स्नान करने आते हैं, तुम लोग डरो नहीं कल उनका पता करता हूँ।" ऐसा कहकर उन सभी को आश्वासन दिया।

यह गाथा मैंने अपने दादा जी, पिता जी तथा नानी जी से सुनी है, दूसरे दिन नाना जी ने दिन भर खोज की परन्तु किसी साधु महात्मा को नहीं पाया, निराश होकर सन्ध्याकाल घर आ गए। नानी जी को सारा वृत्तान्त सुनाया। नानी जी ने नाना जी को कहा, "क्या आपने शिवखोड़ी गुफा के अन्दर देखा।" नाना जी ने न में सिर हिलाया और कहा, "मैं कल फिर जाऊँगा और पता करूंगा।" नाना जी दूसरे दिन

शिवखोड़ी गुफा में पहुँचे, चीड़ की लकड़ी जला कर गुफा के भीतर प्रवेश किया, भगवान शिव परिवार के दर्शन किए तत्पश्चात् जोर-जोर से पुकारा, "कोई साधु महात्मा हैं तो दर्शन दें।" किसी ने दर्शन नहीं दिए। नाना जी निराश होकर वापिस घर आ गये। नानी जी को सुनाया, "मुझे कोई नहीं मिला।" नानी जी बोलीं, "मुझे विश्वास हो रहा है, कोई-न-कोई बावा तपस्या कर रहे होंगे, कल मैं आपके साथ चलूँगी।" दूसरे दिन नाना-नानी जी दोनों गुफा में पहुँचे पुनः आवाज़ें दीं तो पूज्य ब्रह्मर्षि बावा-दूधाधारी जी ने उनको दर्शन दिए, नाना जी ने प्रार्थनापूर्वक उनको अपना परिचय देते हुए कहा, "महाराज जी मैं दुन्नीचन्द मंगोत्रा, यह मेरी पत्नी श्रीमती भगवती देवी हैं, हम यहाँ पास गाँव पौरा कोटला के रहने वाले हैं। हमारा देसी घी, गुच्छियों, अनारदाने के व्यापार है और मैं यहाँ गाँव में मुखिया भी हूँ।" पूज्य महाराज जी को नम्र निवेदन किया कि हमें आप सेवा के लिए निर्देश करें। महाराज जी ने कहा, "मुझे सेवा की आवश्यकता नहीं, आप अपने घर जाओ।" नानी नाना जी ने बार-बार प्रार्थना की तो महाराज जी ने पूछा, "तुम्हारे घर में गौमाता की सेवा होती है, कितनी गौ माताएं आपके पास हैं।" नाना जी ने कहा, "महाराज जी हमारे पास पाँच गौमाताएं हैं, भैसें भी हैं। दूध, दही, घी इत्यादि की कोई कमी नहीं है।" महाराज जी ने पूछा, "काली गाय भी है।" नानी जी बोले, "हाँ महाराज, है।" तब महाराज जी बोले, "तुम ऐसा करो दो गड़बे (लोटे) ले लो, एक भरा हुआ छोड़ जाना, दूसरा खाली ले जाना, परन्तु एक शर्त है तुम ये काम निरन्तर करते जाओगे पर मुझे बुलाओगे नहीं, मैं स्वयं तुम्हें बुला लूँगा।" ऐसा क्रम लगभग छः मास तक

चलता रहा, महाराज जी ने नाना जी को नहीं बुलाया। अचानक एक दिन नाना जी दूध का गड़बा (लोटा) छोड़ रहे थे तो महाराज जी की मधुर ध्वनि सुनाई दी- "हे दुनिचन्द बात सुनो।" नाना जी विनम्रभाव से प्रणाम करके उनके पास पहुँचे। महाराज जी बोले, "देखो दुनिचन्द तुमने मेरी बड़ी श्रद्धा से सेवा की है, एक काम करना है अपनी बेटी शान्ति (छान्नो) को अपने पास ले आओ उसको बेटा होगा और अपने सम्बन्धी जी को बोलना बावा जी को यज्ञ करवाना है, नाना जी की खुशी का ठिकाना नहीं था। प्रसन्नतापूर्वक घर पहुँचते ही नानी जी को सारा समाचार सुनाया। दूसरे दिन नाना जी अपने विशेष घोड़ों की सहायता से पाँबला गाँव पहुंचे। उनके साथ उनके दो नौकर भी थे, खाने पीने की व्यवस्था नौकर ही करते थे, क्योंकि बेटी के घर नाना जी को अन्न ग्रहण नहीं करना था। शाम हो गई तो पाँबला में रात को रुक गए। प्रातःकाल नौकरों को कहा, "तुम दोनों सामान सहित घोड़ों को टांडा गाँव (उनके मित्र का घर था) मैं मित्र का नाम नहीं जानता, नौकर टांडा की तरफ चल पड़े।

नाना जी दूसरे दिन बस पर बैठकर टांडा पहुंचे, तीसरे दिन सब लोग अखनूर हमारे घर पहुंचे, नाना जी का अखनूर पहुंचने का पूर्व समाचार नहीं था। मेरे दादा जी ने उनका स्वागत किया। उनके ठहरने की व्यवस्था भी की, तत्पश्चात् दादा जी ने नाना जी को अचानक आने पर विशेष कारण क्या है? यह पूछा तो नाना जी ने पूज्य महाराज जी का परिचय देते हुए सारी कहानी सुनाई और कहा, "छान्नों को पौरा कोटला ले जाना है, बच्चा वहीं पर होगा, ऐसा बावा जी का आदेश है।" दादा जी ने मना कर दिया परन्तु बहुत तर्कवितर्क होने पर

निश्चय हो गया कि छान्नो पौरा कोटला जाएगी। यात्रा के प्रबन्ध किए गये। उन दिनों एक बस जम्मू से पुन्छ जाती थी वही बस पाँच दिनों में वापिस जम्मू आती थी। जैसे कैसे व्यवस्था करके सब लोग पाँबला में पहुँचे। पाँबला में पालकी की व्यवस्था की गई। माता जी सुरक्षित पौरा कोटला पहुँच गई। अभी प्रसव में समय था। नाना जी यथावत पूज्य महाराज जी की सेवा में कार्यरत रहे, यज्ञ की तैयारियाँ हो रहीं थी। मेरे दादा जी निर्धारित तिथि अनुसार अपने विद्वान पण्डितों सहित शिवखोड़ी धाम पर पहुँचे। उनमें मेरे पिता पं. रामेश्वर दत्त रैणा जी भी शामिल थे। जैसे ही पूज्य दादा जी ने गुफा में प्रवेश किया तो महाराज जी का उच्च स्वर सुनाई दिया– "पण्डित मेला राम जी आप राजाओं को यज्ञ करवाते हो, राजपूतों के गुरु हो, अब बावा को यज्ञ करवाना है।" तो दादा जी ने कहा, "महाराज जी आपने जो बचन कहे हैं सत्य हुए तो मेरे सहित समस्त परिवार आपका शिष्य बनेगा और जब तक मेरा परिवार चलेगा आपका सेवक बना रहेगा।" यज्ञ प्रारम्भ हुआ, सारी व्यवस्था के प्रमुख मेरे नाना-नानी जी थे, बहुत बड़ा यज्ञ हुआ। ऐसा विधिपूर्वक यज्ञ विधान प्रान्तीय लोगों ने नहीं देखा था। प्रचुर मात्रा में लोग आ-जा रहे थे। लोगों ने भरपूर उत्साह बना हुआ था। पूर्णाहुति विक्रमी संवत् 2009 माघ शुक्ल पञ्चमी को होना निश्चित था। समयानुसार पूर्णाहुति हो गई, तत्पश्चात ब्राह्मणों को दक्षिणादि का क्रम हुआ। भण्डारा भी साथ ही चल रहा था। लोग भण्डारा प्रसाद पाकर आनन्दित हो रहे थे। मालपुए खीर इत्यादि का प्रचुर प्रबन्ध था। शाम को प्रसन्नता में बैठकर पूज्य महाराज जी ने एक थाली में कुछ मालपुए डालकर नाना जी को

प्रसाद रूप में दिए और कहा ये मालपुए शान्ति पुत्र को खाने को देना ध्यान रखना वो कितने पुए खाती है। माता जी ने मुझे स्वयं बताया था, बेटा मैंने तीन पुए खाए तो मुझे तकलीफ होना शुरू हो गई, रात को तेरा जन्म हो गया। बाहर बर्फ भी गिर रही थी बारिश भी हो रही थी। दूसरे दिन नाना जी यह समाचार लेकर पूज्य महाराज जी के पास पहुंचे। महाराज जी ने पूछा, "छान्नो ने कितना पूड़ा खाया।" नाना जी ने बताया, "महाराज तीन खा पाई फिर तकलीफ होना शुरू हो गई, एक घण्टे बाद बच्चे का जन्म हो गया, दोनों ठीकठाक हैं।" महाराज जी बोले, "यह चन्द्रमौलि आ गया, दूसरा शिव प्रसाद, तीसरा त्रिलोक नाथ होगा।" बावा ने तो पुए अधिक दिये थे वो तो तीन ही खा सकी, तीन पुत्र होंगे। आशीर्वाद मिल गया, आज हम तीन ही भाई हैं और हमारा परिवार आश्रम सेवा में है। ब्रह्मर्षि बावा दूधाधारी महाराज जी की जय, सन्त शिरोमणि श्री प्रभुदास जी महाराज जी की जय।

सम्पादक परिचय

नाम	:	डॉ. चन्द्रमौलि रैणा
माता / पिता	:	श्रीमती शान्ति देवी, पं. रामेश्वर दत्त रैणा
जन्म स्थान	:	पौराकोटला (शिवखोड़ी धाम), जिला रियासी (जम्मू कश्मीर)
शिक्षा	:	शास्त्री, फलितज्योतिषाचार्य, सिद्धांत ज्योतिषाचार्य, विद्यावारिधि (पीएच.डी.)
भाषाज्ञान	:	संस्कृत, हिन्दी, इंग्लिश, डोगरी एवं पंजाबी
सेवावृत्ति	:	केन्द्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर, कोट भलवाल, जम्मू से सहाचार्य ज्योतिष विभाग से सेवानिवृत।
सम्मान	:	महामहिम राज्यपाल महोदय माननीय, लोकसभा सदस्यों तथा गणमान्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों में अभूतपूर्व योगदान हेतु सम्मानित, सनातन धर्म पथ परिषद् केन्द्र, पठानकोट के सौजन्य से 'लाइफटाईम अचीवमेंट अवार्ड–2024', केन्द्रिय ब्राह्मण सभा, पठानकोट से 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2024', NAKSHATRA 27 RESEARCH CENTRE FOR ASTROLOGICAL SCIENCES UNIVERSITY (TRUST) ISO9001-2015 Certified से 'ज्योतिषीय पद्मविभूषण अवार्ड 2024', SHREEPATI ASTROVAASTU CONSULTACNY (Regd.) Internatiobnal Astrology and Vaastu Conference SMVD University, Katra (J&K), Life Time Achievement Award, 2023, Cosmic Healer Star Award-2022, भगवान परशुराम राष्ट्रिय पण्डित परिषद् ट्रस्ट, जयपुर 'अपराकाशी ज्योतिषरत्न सम्मान'।
सम्पादन	:	विभिन्न समाचारपत्रों एवं पत्रिकाओं में संस्कृत, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषाओं में आलेख प्रकाशित।
प्रकाशन	:	'धर्म भास्कर' कैलेण्डर, श्रीराघवेन्द्र पञ्चाङ्गम्, शास्त्रसौरभम् में सम्पादक एवं वृद्ध वसिष्ठसंहिता भाग 1–2 (सम्पादक एवं हिन्दी अनुवादक), श्री बाबा अमरनाथ वर्फानी जी की पूजा पद्धति (सम्पादक एवं संकलनकर्ता) 'कश्यपसंहिता' हिन्दी रूपान्तर सहित प्रकाशित, प्रकाशक चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी (उ.प्र.)
समाजसेवा	:	डोगरा ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा, चाणक्य चौक परेड एवं बावा कैलखदेव प्रबन्धक कमेटी जम्मू में सक्रिय भूमिका तथा **श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के भूतपूर्व सदस्य, सनातन धर्म पथ परिषद् प्रधान (जम्मू–कश्मीर), श्रीशिवखोड़ी श्राइन बोर्ड के सदस्य**
संचालक		श्रीराघवेन्द्र ज्योतिष संस्थान (पञ्जीकृत), जम्मू
सम्पर्क सूत्र	:	09419194230, 6005569931
ई मेल	:	drcmraina@gmail-com